CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 43 अंक -311 राजनांदगांव, मंगलवार 01 अक्टूबर 2024 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## मुडा घोटाला मामले में सीएम सिद्धारमैया के खिलाफ बड़ा एक्शन, ईडी ने दर्ज किया मनी लॉन्ड्रिंग का केस



नई दिल्ली। ईडी ने सोमवार को कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) से जुड़े भू-आवंटन घोटाले में मनी लॉड्रिंग के तहत मामला दर्ज किया। राज्य लोकायुक्त पुलिस की एफआईआर का संज्ञान लेते हुए ईडी ने यह कार्रवाई की है।

प्रक्रिया के अनुसार, जांच एजेंसी को पूछताछ के लिए आरोपितों को बुलाने और जांच के दौरान उनकी संपत्ति जब्त करने का अधिकार है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी ने मुख्यमंत्री और अन्य लोगों के खिलाफ इंफोर्समेंट केस इंफोर्मेशन रिपोर्ट (ईसीआइआर) दायर की है।

### सिद्दरमैया की पत्नी ने की 14 प्लॉट वापस लौटाने की पेशकश, मुडा कमिश्नर को लिखी चिट्ठी

### मैं मुआवजा प्लॉट वापस करना चाहती हूं- सिद्दरमैया की पत्नी

इसी बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया की पत्नी पार्वती ने रूडा को पत्र लिखकर उन्हें आवंटित 14 प्लॉट वापस कर दिए हैं। उनके पत्र में लिखा है, ÷मैं मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा मेरे पक्ष में निष्पादित 14 प्लॉट के दस्तावेजों को रद्द करके मुआवजा प्लॉट वापस करना चाहती हूं। मैं मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण को प्लॉट का कब्जी भी वापस कर रही हूं। कृपया इस संबंध में जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाएं।

### विशेष अदालत ने दिए जांच के आदेश

भू-आवंटन में गड़बड़ी मामले में मैसुरु में लोकायुक्त पुलिस द्वारा 27 सितंबर को दर्ज की गई एफआइआर में सिद्दरमैया, उनकी पत्नी बीएम पार्वती, उनके साले मल्लिकार्जुन स्वामी और देवराजू (जिनसे स्वामी ने जमीन खरीदकर पार्वती को उपहार में दी थी) तथा अन्य को नामजद किया गया है। पिछले सप्ताह बेंगलुरू की एक विशेष अदालत ने मामले में सिद्दरमैया के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस जांच का आदेश दिया था, जिसके बाद लोकायुक्त द्वारा यह एफआइआर दर्ज की गई। विशेष अदालत का आदेश कर्नाटक हाई कोर्ट द्वारा इस मामले में सिद्दरमैया के खिलाफ जांच कराने की (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### शिकायतकर्ता के खिलाफ एफआईआर

मुडा घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के खिलाफ शिकायतकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा के खिलाफ एक महिला की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। महिला ने आरोप लगाया है कि कृष्णा ने संपत्ति के मामले में उसे धमकाया था।

पुलिस सूत्रों के अनुसार मैसुरु जिले के नंजनगुड की रहने वाली शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि कृष्णा ने 18 जुलाई को उसे और उसकी मां को गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी और कहा था कि वह अपने ससुराल वालों के साथ एक संपत्ति को लेकर चल रहे विवाद से दूर रहे। कृष्णा ने आरोप को फर्जी बताते हुए मांग की है कि पुलिस मामले की गहन जांच करे ताकि सच सामने आ सके।

## पीएम मोदी ने इजरायली प्रधानमंत्री नेतन्याहू से की फोन पर बात, कहा- आतंकवाद का दुनिया में कोई स्थान नहीं



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि दुनिया में आतंकवाद व युद्ध के लिए कोई जगह नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री से हुई बातचीत के संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर भी पोस्ट किया। उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में हाल के घटनाक्रम को लेकर प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बात हुई। हमारी दुनिया में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है। क्षेत्रीय तनाव को रोकने और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। भारत शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

पीएम मोदी ने इजरायल के प्रधानमंत्री से ऐसे वक्त में बात की है, जब रविवार को लेबनान में इजरायल के हवाई हमले में कई लोग मारे गए। इजरायल ने हिजबुल्ला के कई ठिकानों पर हमले किए। इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रविवार को यह जानकारी दी थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से फोन पर बात करेंगे। बाइडेन ने इस बात पर जोर दिया था कि पश्चिम एशिया में युद्ध को पूरी तरह से समाप्त किया जाए। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पश्चिम एशिया में शांति की वकालत की थी।

इस बीच, सोमवार को इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान की जनता को संबोधित किया। उन्होंने ईरान के शासक की आलोचना करते हुए कहा, ईरान का शासन आपको दबा रहा है। ऐसा करके इस पूरे क्षेत्र को युद्ध की ओर धकेलने की कोशिश की जा रही है। ईरान के शासक का प्राथमिक उद्देश्य जनता का कल्याण नहीं, बल्कि लेबनान और गाजा में युद्ध में पैसा बर्बाद करना है। आप एक पल के लिए सोच कर देखिए कि अगर युद्ध में लगाए जा रहे पैसों का इस्तेमाल सामाजिक कल्याण के कार्यों में किया जाए, तो कितना बेहतर रहेगा।

## छत्तीसगढ़ में चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों का होगा विकास, 11 हजार करोड़ रुपये की मिली मंजूरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को छत्तीसगढ़ में चार प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की मंजूरी दी जिससे राज्य की कनेक्टिविटी और सुदृढ़ होगी। श्री गडकरी ने यह घोषणा आज यहां भारत मंडपम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ समीक्षा बैठक के दौरान की। बैठक में छत्तीसगढ़ में चल रही राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गयी। बैठक में केन्द्रीय सड़क परिवहन राज्यमंत्री अजय टाम्टा और हर्ष मल्होत्रा तथा छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव भी मौजूद रहे।



बैठक में श्री गडकरी ने छत्तीसगढ़ में चल रही परियोजनाओं की प्रगति पर समीक्षा की ताकि कार्यों का समय पर और कुशलता से निष्पादन हो सके। समीक्षा बैठक में सभी लंबित मुद्दों पर चर्चा कर अवरोधों को दूर करने का प्रयास किया गया। केन्द्रीय मंत्री ने समस्त प्रगतिरत एवं प्रस्तावित परियोजनाओं को समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश दिए। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्गों की प्रगति पर चर्चा की गयी। इसके साथ ही चार प्रमुख राजमार्गों के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाने की मंजूरी दी गयी। बैठक में जिन चार मुख्य परियोजनाओं पर चर्चा हुई, उनमें उरगा-कटघोरा बाईपास, बसना से सारंगढ़ (माणिकपुर) फीडर रूट, सारंगढ़ से रायगढ़ फीडर रूट, और रायपुर-लखनादोन आर्थिक गलियारा शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लंबाई 236.1 किलोमीटर है। केन्द्रीय मंत्री ने इन परियोजनाओं के लिए कुल 9208 करोड़ स्वीकृत किये हैं। इसके अलावा केशकाल घाट और धमतरी-जगदलपुर मार्ग के चार लेन चौड़ीकरण कार्य की भी मंजूरी दी गयी।

एनएचएआई के अंतर्गत रायपुर-विशाखापट्टनम मार्ग एवं बिलासपुर-उरगा-पत्थलगांव मार्ग को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं, पत्थलगांव से कुनकुरी-झारखंड बॉर्डर मार्ग को एक माह के अन्दर एजेंसी निर्धारित करने के लिए निर्देश दिये गये। वहीं रायपुर शहर टाटीबंध से तेलीबांधा के बीच ग्रेड सेपरेटर तथा विधानसभा रोड से बिलासपुर रोड (धनेली) को जोड़ने वाले मार्ग एवं रायपुर एक्सप्रेस-वे पर ग्रेड सेपरेटर बनाने की सहमति दी गयी। इसके अलावा सड़कों के विकास के लिए 1200 करोड़ की अतिरिक्त राशि की स्वीकृति मिली है। श्री साय ने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा, यह छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक बड़ी सौगात है। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक और व्यापारिक गतिविधियों को नयी दिशा मिलेगी। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ऑल द बेस्ट : सुप्रीम कोर्ट ने छात्र को आईआईटी में दिलाया दाखिला, सीजेआई ने कहा- पैसे की तंगी के चलते बर्बाद न हो यंग टैलेंट



नई दिल्ली। देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट ने एक आदेश मात्र से बच्चे के पढ़ाई के सपने को साकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आईआईटी धनबाद को गरीब छात्र को दाखिला देने का आदेश दिया है। गरीब छात्र के पास समय पर 17,500 रुपये फीस देने के लिए नहीं थे, जिसके चलते उसका दाखिला नहीं हो पा रहा था।

### किसी ने नहीं की मदद

जानकारी के अनुसार, उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के खतौली में रहने वाले एक दिहाड़ी मजदूर के बेटे ने कड़ी मेहनत करके छ्ब्श्न एडवांस्ड की परीक्षा पास की ली। इसके बाद छात्र को द्बद्ब्ज्ञ धनबाद में दाखिला लेना था, लेकिन वह 17 हजार 500 रुपये नहीं जमा कर पाया, जिसके चलते उसका दाखिल नहीं हो सका और सीट भी उसके हाथ से चली गई। मजबूर छात्र और उसके पिता ने यूनिवर्सिटी से लेकर एससी-एसटी आयोग, झारखंड हाईकोर्ट और मद्रास हाईकोर्ट के चक्कर काटे, लेकिन 3 महीने तक दौड़ने के बाद भी उनको कुछ हासिल नहीं हुआ, ऐसे में बच्चे ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

### दस्तावेज समय पर नहीं हो पाए थे अपलोड

आईआईटी धनबाद में सीट मिलने के बाद फीस जमा करने की आखिरी तारीख में केवल 4 दिन का समय बचा था। 24 जून को शाम 5 बजे तक पिता को बेटे की फीस जमा करनी थी। राजेंद्र किसी तरह 24 जून को शाम करीब 4.45 बजे तक पैसे का इंतजाम कर पाए, चूंकि समय कम था, इसलिए उन्होंने पैसा अतुल के भाई के बैंक अकाउंट में जमा करवा दिया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला : गाय को राज्यमाता घोषित किया, ऐसा करने वाला देश का दूसरा राज्य बना



मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने सोमवार को एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए गौमाता को राज्य माता घोषित किया है। इस ऐतिहासिक कदम को लेकर सरकार ने आदेश भी जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि गाय को भारतीय संस्कृति में वैदिक काल से महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त है। गाय का महत्व न केवल धार्मिक है, बल्कि चिकित्सा और कृषि में भी गाय के कई फायदे देखने को मिलते हैं। इसके साथ ही महाराष्ट्र गाय को राजमाता घोषित करने वाला दूसरा राज्य बन गया है।

### उत्तराखंड गाय को राजमाता घोषित करने वाला पहला राज्य

भारत में गाय को 'राजमाता' या 'राष्ट्रमाता' घोषित करने वाला पहला राज्य उत्तराखंड है। उत्तराखंड विधानसभा ने 19 सितंबर 2018 को इस संबंध में एक संकल्प पारित किया, जिसमें गाय को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग की गई थी। यह संकल्प सर्वसम्मति से पारित हुआ और इसे केंद्र सरकार को भेजा गया। अब महाराष्ट्र की शिंदे सरकार की कैबिनेट ने राजमाता का दर्जा दिया गया है।

### आयुर्वेद और पंचगव्य चिकित्सा पद्धति में गाय का महत्व

महाराष्ट्र सरकार ने आदेश में गाय के महत्व को और भी विस्तार से समझाया है। आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति और पंचगव्य उपचार में गाय का योगदान अनमोल माना जाता है। पंचगव्य पद्धति, जिसमें गाय का दूध, मूत्र, गोबर, घी और दही शामिल होते हैं, को विभिन्न बीमारियों के इलाज में उपयोगी बताया गया है। इसके अलावा, जैविक खेती में गोमूत्र का भी व्यापक रूप से प्रयोग किया जाता है।

### गाय का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व

हिंदू धर्म में गाय को विशेष स्थान प्राप्त है। इसे 'गौमाता' का दर्जा दिया गया है और धार्मिक अनुष्ठानों में (शेष पृष्ठ 6 पर...)




## जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर आज कार्यशाला



### मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे शामिल

रायपुर (दावा)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 01 अक्टूबर को जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह कार्यक्रम पूर्वान्ह 11 बजे से सिविल लाईन रायपुर स्थित न्यू-सर्किट हाउस में आयोजित होगा। इस अवसर पर जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रदर्शनी का भी आयोजन होगा। कार्यशाला में अतिथिगणों एवं विद्वतजनों द्वारा जनजातीय समाज के 'ऐतिहासिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक योगदान' पर व्याख्यान दिया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता वन मंत्री केदार कश्यप करेंगे। कार्यक्रम में जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर आधारित लघु चलचित्र-संगीत का भी प्रदर्शन होगा। उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर. स्वागत उद्बोधन देंगे। कार्यक्रम में विशेष रूप से वनवासी विकास समिति के अखिल भारतीय युवा कार्य प्रमुख वैभव सुरंगे, वनवासी विकास समिति के प्रांत अध्यक्ष उमेश कश्यप और विश्वविद्यालय के कुलपति एवं प्रतिनिधिगण मौजूद रहेंगे।

जनजातीय समाज के गौरवशाली अतीत पर आयोजित यह कार्यशाला दो सत्रों में होगा, जिसमें प्रथम तकनीकी सत्र स्त्रोत व्यक्तव्य और संदेश सूचनाएं पर चर्चा होगी, वहीं द्वितीय तकनीकी सत्र में कुलपतिगण से कार्य योजना पर चर्चा एवं उपस्थित विश्वविद्यालयीन प्रतिनिधिगण से कार्य योजना के क्रियान्वयन पर चर्चा होगी।

## मतदान से पहले जेल से बाहर आएगा राम रहीम; चुनाव आयोग ने दी सशर्त मंजूरी



चंडीगढ़। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए 5 अक्तूबर को मतदान होगा। मतदान से पहले डेरा प्रमुख गुरमीत राम रहीम जेल से बाहर आएगा। चुनाव आयोग ने सरकार को इसके लिए मंजूरी दे दी है। हर बार चुनावी सीजन में जेल से बाहर आने वाले राम रहीम को पैरोल पर बाहर आने के लिए सशर्त अनुमति दी गई है। शर्तों के अनुसार राम रहीम हरियाणा में नहीं आएगा। किसी तरह विधानसभा चुनाव को प्रभावित करने, कोई जनसभा करने और सोशल मीडिया के जरिए किसी तरह की अपील करने पर पाबंदी रहेगी। इन सभी शर्तों की अवहेलना करने पर राम रहीम की पैरोल को तुरंत रद्द कर उसे वापस जेल भेजने के निर्देश हैं। हरियाणा चुनाव आयोग के प्रवक्ता एचसीएस अधिकारी मनीष लोहान ने बताया कि सरकार की तरफ से राम रहीम को आपातकालीन वजह बताकर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## सीजीपीएससी मेंस का रिजल्ट हुआ जारी, 703 का हुआ इंटरव्यू के लिए सिलेक्शन



रायपुर। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएसी) ने मुख्य परीक्षा 2023 का परिणाम जारी कर दिया है। इस परीक्षा में 3597 उम्मीदरवार शामिल हुए थे, जिनमें से 703 उम्मीदवारों का चयन साक्षात्कार के लिए हुआ है। जानकारी के अनुसार आयोग अभी साक्षात्कार की तिथि जारी नहीं की है। इसकी जानकारी जल्द ही आयोग की वेबसाइट में दी जाएगी। पीएससी ने 242 पदों के लिए परीक्षा आयोजित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2023 की लिखित परीक्षा 24, 25, 26 और 27 जून को आयोजन किया गया। मुख्य परिणाम के आधार पर कुल 703 अभ्यर्थियों को प्रावधिक आधार पर साक्षात्कार के लिए चुना गया है। वहीं साक्षात्कार के लिए चुने गए सभी अभ्यर्थियों को आयोग की वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर उपलब्ध लिंक का प्रयोग कर ऑनलाइन दर्ज करना होगा। ऑनलाइन अग्रमान्यता अंकित करने के लिए तिथि अलग से जारी की जाएगी।

अभ्यर्थियों को अपने साक्षात्कार दिनांक से एक दिन पूर्व मूल दस्तावेज सत्यापन के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में उपस्थित होना होगा। जिन अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार तारीख के एक दिन पूर्व दस्तावेज सत्यापन नहीं करवाया जाएगा, उन्हें साक्षात्कार में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2023 के लिखित परीक्षा के परिणाम आयोग के वेबसाइट www.psc.cg.gov.in पर जारी (अपलोड) कर दिए गए है।

## छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से धान खरीदी : 3100 सौ की दर से 21 क्विंटल खरीदेगी साय सरकार



- खाद्य मंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न
- जूट कमिश्नर और जेम के माध्यम से बारदाना खरीदी का निर्णय

रायपुर (दावा)। रायपुर। छत्तीसगढ़ में धान खरीदी को लेकर मंत्रिमंडलीय उप समिति की बैठक खत्म हो गई है। बैठक के बाद समिति के अध्यक्ष मंत्री दयाल दास बघेल ने कहा कि, 15 नवंबर से धान खरीदी करने का प्रस्ताव पारित किया गया है। अब यह प्रस्ताव कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयाल बघेल की अध्यक्षता में आज महानदी भवन में आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं कस्टम मिलिंग की नीति की समीक्षा कर सुझाव देने हेतु गठित मंत्रि-मंडलीय उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मंत्री-मंडलीय उप समिति के सदस्य वन एवं जलवायु परिवर्तन तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा 20 सूत्रीय कार्यान्वयन मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल और राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा शामिल हुए। खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल की अध्यक्षता में हुई बैठक में चालू खरीफ विपणन वर्ष में 160 लाख मीट्रिक धान खरीदने का अनुमान रखा गया है। इस वर्ष दिपावली का पर्व और राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव को ध्यान में रखते हुए धान खरीदी 15 नवम्बर से शुरू किए जाने के संबंध में भी चर्चा की गई। लेकिन राज्य मंत्रि परिषद की बैठक में ही इस आशय का अंतिम निर्णय लिया जाएगा। साथ ही प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन के माध्यम से प्रदेश के किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी का निर्णय लिया गया है। सभी उपार्जन केन्द्रों को इलेक्ट्रॉनिक वेटिंग मशीन की व्यवस्था करने को भी कहा गया है।

बैठक में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान खरीदने के लिए सभी आवश्यक सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी व्यापक रूप से चर्चा की गई। बैठक में धान खरीदी सुव्यस्थित हो तथा किसानों को सरलता के साथ बारदाना उपलब्ध हो सकें इसके लिए जूट कमिश्नर और जेम के माध्यम से बारदाना खरीदी का निर्णय लिया गया है। बैठक में धान उठाव और कस्टम मिलिंग, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जम्मू-कश्मीर चुनाव : आखिरी चरण में 7 जिलों की 40 सीटों पर आज मतदान



नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के तीसरे और अंतिम चरण के लिए मंगलवार को वोटिंग होगी. इस फेज में दो पूर्व उपमुख्यमंत्रियों ताराचंद और मुजफ्फर बेग समेत 415 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला होगा. इस महत्वपूर्ण चरण में 39.18 लाख से अधिक मतदाता 5,060 मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे. इस दौरान 40 विधानसभा क्षेत्रों में वोट डाले जाएंगे, जो जम्मू क्षेत्र के जम्मू, उधमपुर, सांबा और कठुआ तथा उत्तरी कश्मीर के बारामूला, बांदीपोरा और कुपवाड़ा जिलों में हैं. प्रदेश के सात जिलों में होने वाले मतदान को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. फाइनल वोटिंग के लिए करीब 20,000 से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया गया है. मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होगा. इसके अलावा, अगर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदान केंद्र परिसर में कतार में खड़े हैं तो शाम छह बजे के बाद भी मतदान जारी रहेगा.

CMYK

# नवरात्र के पूर्व बाजार में बढ़ी चहल-पहल

### ज्योति-जवांरा के सामानों सहित पूजा समानों व सजावटी सामानों की बिक्री बढ़ी




राजनांदगांव (दावा)। आगामी 3 अक्टूबर से क्वांर नवरात्रि पर्व शुरू होने जा रहा है। इसके लिए मंदिरों में ज्योति-जंवारा स्थापना से लेकर दुर्गा पंडालों में मातारानी दुर्गा, काली, मां सरस्वती प्रतिमा स्थापना की भी तैयारियां जोर-शोर से की जा रही है। इधर मूर्तिकार भी देवी प्रतिमाओं को अंतिम रुप देने के लिए दिन- रात एक किए हुए हैं।

नवरात्रि पर्व को नजदीक आते देख बाजार में ज्योति जंवारा से संबंधित मिट्टी से बने कलसा, कलोरी दीए, नांदी, खप्पर व बांस की टोकनी आदि सहित अन्य पूजा सामग्रियों की मांग बढ़ गई है। इसके लिए गोल बाजार कुम्हार पसरा से लेकर जयस्तंभ चौक रोड में ज्योति कलश सहित अन्य मिट्टी के पात्रों की दुकानें करीने से सजी हुई है। वहीं दुर्गा पंडालों की साज सज्जा के लिए बाजार में सजावट वस्तुएं की दुकानें में सजी हुई है। जहां पर अच्छी खासी ग्राहकी देखी जा रही है। इससे बाजार में चहल-पहल का दौर बना हुआ है।

बता दें कि 17 सितंबर से पितृ पखवाड़ा शुरू हो गया है जो 2 अक्टूबर तक चलेगा। 3 अक्टूबर से नवरात्रि पर्व प्रारंभ होने जा रहा है। पितृ पक्ष के दौरान लोग अपने पितरों का तर्पण करने जुटे हुए हैं। इससे भी बाजार में कुशा तिल जौं, चांवल, नारियल अगरबत्ती, हार-फूल दोना-पत्तल व अन्य पूजा सामग्रियों की मांग बनी हुई है। हालांकि पितृ पक्ष के चलते नए व शुभ कार्यों पर विराम लगा हुआ है। लेकिन पितृ पक्ष के समाप्त होते ही शुभ कार्य शुरू हो जाएंगे। इधर नवरात्रि पर्व भी शुरू हो जाएगा इससे बाजार में चहल- पहल और रौनक और भी बढ़ जाएगी। नवरात्र पर्व के साथ दशहरा, धनतेरस, रुप चौदस, दिवाली आदि बड़े त्यौहारों की श्रृंखला शुरू हो जाने से बाजार गुलजार हो उठेगा। नवरात्र पर्व के शुरू होने से लोगो की व्यस्तता बढ़ जाएगी। शक्ति आराधना के पर्व में लोग जप -तप, ध्यान साधना उपासना की ओर प्रवृत्त रहेंगे। बाजार में फल-फूलों की मांग बढ़ जाएगी। पूजा संबंधी वस्त्र-परिधानों के अलावा देवी-देवताओं के फोटो, चंदन, मौली धागा, उपवीत आदि अन्य सामानों की मांगे बनी रहेगी इससे बाजार में और भी चहल-पहल देखने को मिल सकता है।

# जिसके बारे में जानकारी नहीं उस पर बोलना उचित नहीं- खूबचंद पारख



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ छत्तीसगढ़ को बंधवा मजदूर कहने पर पलटवार करते हुए भूपेश बघेल को नसीहत दी कि जिस विषय पर उन्हें जानकारी नहीं है, उस पर उन्हें बोलना ही नहीं चाहिए ।

श्री पार्क में कहा कि आज पूरे विश्व का सबसे बड़ा सेवा का संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ देश की सेवा के लिए अपने आप में पर्यायवाची कहलाता है संघ की स्पष्ट सोच है कि जो देश हित में बात करेगा, उसी के अनुकूल संघ व्यवहार करेगा। आजादी के बाद देश के अंदर लोगों में देशभक्ति का जज्बा जगाने के लिए संघ की लाखों शाखाएं देशभर में संचालित हैं जिसके माध्यम से संघ के स्वयंसेवक मातृभूमि की सेवा करने हेतु अनवरत अथक परिश्रम करते हैं, वह अपने हम का त्याग कर अपने नाम का त्याग कर सिर्फ मातृभूमि की सेवा के लिए अपने जीवन को न्योछावर कर देते हैं संघ के पूर्ण कालिक प्रचारक अपने जीवन की हरी भरी बगिया को छोड़कर देश भर में भ्रमण करते हैं और देश के खिलाफ षडयंत्र करने वालों की खोज खबर में लगे रहते हैं। साथ ही समाज हित में सामाजिक समरसता बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं संघ की शाखों में व्यक्ति का अनुशासन अनुबद्धता एवं संयमित जीवन जीने की कला सिखाई जाती है साथ ही देश के प्रति समर्पण की भावना भी संघ के स्वयंसेवक सीखते हैं। खूबचंद पारख ने कहा कि भूपेश बघेल को कांग्रेस के जवाहरलाल नेहरू एवं इंदिरा गांधी से सीख लेनी चाहिए और इतिहास पढ़ना चाहिए कि किस तरह से उन्होंने संघ के स्वयंसेवकों का देश के परमार्थ सहयोग लिया था इसके प्रमाणिक उदाहरण उन्हें इतिहास पढ़ने से मिल जाएंगे कि संघ देश के लिए जीता है और मारता है ऐसे देशभक्ति स्वयंसेवकों को बंधवा मजदूर की संज्ञा देने पर भूपेश बघेल को माफी मांगनी चाहिए।

## पहला कॉलम...

### डॉ.रमन सिंह द्वारा त्वरित निराकरण पर सिंधी समाज ने आभार जताया

राजनांदगांव (दावा)। 2022 में हिट एंड रन मामले के मुख्य आरोपी पदमन दीवान को राजनांदगांव के कार्यपालन अभियंता का प्रभार देने से सिंधी समाज में आक्रोश की लहर को भांपते हुए क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह ने सवेंदनशीलता का परिचय देते हुए तुरंत ही संबधित अधिकारियों को दीवान को हटाने का निर्देश दिया और जिसके प्रतिपालन में आज दीवान को राजनांदगांव से हटाने का आदेश जारी होने पर सिंधी समाज एवं चौथवानी परिवार ने डॉ.रमन सिंह का विशेष रूप से आभार जताया है। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मन्नूमल मोटलानी ने बताया की समाज ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं डॉ.रमन सिंह से दूरभाष पर अपनी व्यथा बताई की होनहार मेघावी छात्र यश चौथवानी को न्याय नही मिला है, और मामला कोर्ट में विचाराधीन है।

दूसरे दिन समाज के अर्जुनदास पंजवानी, ब्राम्हनंद बजाज, मन्नूमल मोटलानी, विजय गंगवानी, रूपचंद भीमनानी, राजा माखीजा, रवि बोधानी, अनिल चौथवानी ने जिलाधीश महोदय को ज्ञापन भी सौपा था, जिस पर त्वरित संज्ञान लेने पर सिंधी समाज के वरिष्ठ सलाहकार आवतराम तेजवानी,तरुण लहरवानी, अमर लालवानी चंदन रूचनदानी, दौलत रामचंदानी ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह एवं डॉ. रमन सिंह का आभार व्यक्त किया है।

### आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत राजनांदगांव एवं डोंगरगांव के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इसके अंतर्गत राजनांदगांव तहसील में अतिवृष्टि से 16 मकान आंशिक क्षति होने पर 64 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 2 से मकान पूर्णतः क्षति होने पर 2 लाख 40 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 2 कपड़ा व बर्तन आंशिक क्षति होने पर 5 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 5 धान, साग-सब्जी, भिन्डी फसल क्षति होने पर 33 हजार 203 रूपए, आग से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए, शिवनाथ नदी में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रूपए एवं डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 23 मकान आंशिक क्षति होने पर 92 हजार रूपए, अतिवृष्टि से 1 पशकोठा की क्षति होने पर 3 हजार रूपए की सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### आज स्वच्छता मैराथन



डोंगरगांव (दावा)। स्वच्छता ही सेवा अन्तर्गत आज 1 अक्टूबर को स्वच्छता मैराथन का आयोजन सुबह 7.30 बजे से किया गया है। जिसका रुट नगर पंचायत कार्यालय से राजीव गाँधी चौक, मटिया होते हुए नगर पंचायत कार्यालय तय किया गया है। नगर पंचायत डोंगरगांव के सीएमओ विनम्र जेमा ने बताया कि स्वच्छता मैराथन मे हिस्सा लेकर शहर मे स्वच्छता के प्रति जागरूकता मे सहभागी बने और अन्य लोगों को भी इस मैराथन का हिस्सा बनने की अपील की है।

# सीमा में दुकानदारी करने एसडीएम ने दिया निर्देश, नहीं मानें तो होगी कार्यवाही

डोंगरगांव (दावा)। त्योहारी सीजन और भीड़ भाड़ को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने नगर में रोड तक दुकान लगाकर दुकानदारी करने वाले व्यापारियों को तय सीमा में रहते हुए दुकानदारी करने के निर्देश दिए हैं। बात दें कि सोमवार 29 सितंबर को सबसे भीड़ भाड़ भाड़ इलाके जहां से वर्तमान में नवरात्रि को लेकर आम जनों का आना जाना रहता है।



ऐसे में रोड तक दुकान लगाने के कई आय दिन जाम की स्थिति बनती है। इसके लिए पहले भी प्रशासन ने तय सीमा में दुकानदारी करने लिए निर्देशित किया था। जिसके बावजूद उनके दुकानदारों ने अपना व्यापार वैसे ही चालू रखा। व्यापारियों को प्रशासन की ओर से एसडीएम श्रीकांत कोराम, तहसीलदार पीएलए नाग, सीएमओ विनम्र जेमा स्वहित पुलिस व नगर पंचायत की टीम ने तय सीमा में दुकान लगाने के लिए निर्देशित किया है।

बाजार एरिया में दुकानों के आगे समान फैलाकर व्यापार करने वालो लोगो को अंदर समान रखकर व्यापार करने कहा गया है। ज्ञात हो कि पुराने बस स्टैंड और अन्य भीड़ भाड़ वाले इलाकों में भी लोडिंग अनलोडिंग के चलते जाम की स्थिति लगातार बनती है। वहीं रोड में बस के खड़े होने और सवारी लेने के चक्कर मे हमेशा जाम लगता है और दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। नया बस स्टैंड ही इन समस्याओं से छुटकारा का विकल्प बचा है। यदि ऐसा होता है तो बहुत से लोगों को रोजगार भी मिलेगा और जाम से निजात भी मिलेगा।

# डॉ. रमन सिंह से मोहारा मेला स्थल के विकास कार्यों की शिकायत



राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से श्री शिवनाथ क्षेत्रीय विकास समिति के प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष डॉ. डी.सी. जैन के नेतृत्व में उनसे भेंट कर मेला स्थल के विकास कार्यों के संबंध में उनका ध्यान आकर्षित किया। समिति द्वारा विधायक को दिए गए ज्ञापन में यह बताया गया है कि मेला स्थल के सौंदर्यीकरण हेतु शासन द्वारा दो वर्ष पूर्व 2 करोड़ रुपए दिए गए थे जिसके अंतर्गत नगर निगम द्वारा स्वागत द्वार, सीमेंट कंक्रीट रोड, सांस्कृतिक मंच एवम सार्वजनिक शौचालय के निर्माण कार्य का ठेका 7-8 महीने पूर्व दिया गया था परंतु सभी कार्य अधूरे हैं। इस संबंध में समिति अध्यक्ष द्वारा आयुक्त नगर निगम से भेंट कर लिखित एवम मौखिक शिकायत भी की गई । प्रस्तावित सीमेंट कंक्रीट रोड पर गिट्टी बिछा कर छोड़ दिया गया है, तीन महीने से काम बंद है। कांक्रीट रोड की बजाए सांस्कृतिक मंच के आसपास टाइल लगाने की तैयारी की जा रही हैं। नदी तट घाट के संधारण का उत्तरदायी जल संसाधन विभाग हैं परंतु वहां निगम द्वारा टाइल लगवाए जा रहे हैं। समिति द्वारा समिति के प्रतिनिधियों में विधायक महोदय का ध्यान आकर्षित करते हुए बताया है कि निगम द्वारा जिस गति से कार्य कराया जा रहा है उससे यह प्रतीत नहीं होता कि चालू निर्माण कार्य मेले के पूर्व कराया जा सकेंगे।

समिति के प्रतिनिधियों ने विधायक महोदय से निर्माण कार्य की जांच तथा निर्माण कार्य निगम द्वारा कलेक्टर के मार्गदर्शन में कराने हेतु निर्देशित करने का निवेदन किया गया हैं। विधायक डॉ रमन सिंह द्वारा समिति की बातों को गौर से सुना गया और आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया।

# सड़क निर्माण में ठेकेदार ने लगाये 45 लाख रूपए के डामर के फर्जी बिल

- ईओडब्ल्यू जबलपुर ने दर्ज की एफआईआर
- मामला मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सिवनी का

राजनांदगांव (दावा)। मध्यप्रदेश ग्रामीण विकास प्राधिकरण सिवनी पीआईयू 1 अंतर्गत सड़क निर्माण कार्य में डामर के फर्जी बिल लगाने पर वर्धमान नगर निवासी सड़क निर्माण ठेकेदार संजय सिंघी के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान में लिया गया है।

प्राप्त जानकारी अनुसार प्लाट नंबर 7 शिरके ले आउट राजनगर कटोल रोड नागपुर महाराष्ट्र निवासी बलजिंदर सिंह नैय्यर द्वारा ठेकेदार संजय सिंघी के विरूद्ध सड़क निर्माण कार्य में व्यापक मात्रा में डामर के फर्जी बिल लगाकर शासन से भुगतान प्राप्त कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने की शिकायत दर्ज कराई गयी थी। प्राप्त शिकायत की जांच करने पर पता चला कि सड़क निर्माण ठेकेदार संजय सिंघी द्वारा मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण सिवनी में इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा जारी कुल 45 लाख 89 हजार 331 रूपए के फर्जी इनवाईस लगाये गये थे, जो इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा जारी नहीं किए गए थे।

पुलिस अधीक्षक ईओडब्ल्यू जबलपुर आर.डी. भारद्वाज ने बताया कि मध्यप्रदेश ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों में जबलपुर संभाग के अनेक जिलों में विभिन्न सड़क निर्माण ठेकेदारों द्वारा फर्जी डामर के बिल लगाकर करोड़ों रूपए का भुगतान शासन से प्राप्त किया गया है, जिसकी शिकायत ईओडब्ल्यू जबलपुर को प्राप्त हुई है और जांच लगातार जारी है। इस कार्य में जो भी अधिकारी और सड़क ठेकेदार शामिल है, उनके विरूद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# दाऊ मंदराजी की पुण्यतिथि प्रसंग पर कन्हारपुरी में पद्मश्री भारती बंधु का कबीर भजन-गायन कल



**नाचा पुरखा को लोक कलाकारों व साहित्य धर्मियों द्वारा दी जाएगी सांगीतिक कृतज्ञांजलि**

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ी लोक रंग शैली 'नाचा' के पुरोधा दाऊ मंदराजी को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या पर उन्हें पुण्य स्मरण करने हेतु पद्मश्री भारती बंधु (रायपुर) का कबीर भजन गायन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस दौरान उपस्थित सभी लोक कलाकारों व साहित्य धर्मियों द्वारा दाऊ मंदराजी के कलात्मक योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी जाएगी।

शहर के कन्हारपुरी वार्ड नं 34 स्थित शंकर भवन (शिव धाम) में 2 अक्टूबर गांधी जयंती, सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन प्रातः 11:30 बजे से आयोजित इस सांगितिक आयोजन में कबीर भजन गायन की प्रस्तुति पद्मश्री भारती बंधु द्वारा दी जाएगी। वहीं उपस्थित लोक कलाकारों द्वारा दाऊ जी को गीत-संगीत के माध्यम से श्रद्धा-पुष्प अर्पित किया जाएगा।

कार्यक्रम में आतिथ्य ग्रहण हेतु क्षेत्र के विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे, पूर्व सांसदद्वय मधुसूदन यादव व अभिषेक सिंह सहित अन्य महानुभावों को आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर कला/साहित्य संबंधी चर्चा गोष्ठी व दाऊ मंदराजी द्वारा स्थापित सांगीतिक बैठक का भी आयोजन किया गया है। जिसमें उन महान कला-संगीत पुण्यात्माओं को याद किया जाएगा। दाऊ मंदराजी धरोहर मंच द्वारा उक्त कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में लोगों को पधारकर सांगीतिक लाभ लेने की अपील की गई है। उक्ताशय की जानकारी लोक कलाकार चतुर सिंह बजरंग व साहित्य धर्मी मानसिंह मौलिक द्वारा दी गई।

# जंगलपुर का प्रोजेक्ट राज्य स्तर पर तृतीय स्थान पर, राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

राजनांदगांव (दावा)। नीति आयोग भारत सरकार, बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और अटल टिंकरिंग लैब के संयुक्त तत्वावधान में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के अंतर्गत बिलासपुर में आयोजित अटल टिंकरथान -2024 राज्य स्तरीय विज्ञान प्रोजेक्ट प्रतियोगिता में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जंगलपुर के प्रोजेक्ट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है।



शाला के प्रभारी प्राचार्य पूनाराम यादव के दिशानिर्देशन तथा व्याख्याता सुरेश कुमार साहू, व्याख्याता के मार्गदर्शन में विद्यालय के छात्र जयप्रकाश साहू (12वीं ), चन्द्रशेक सिन्हा (10वीं ) और रूद्रशेक सिन्हा (10वीं) ने 'सस्टनेबल डेवलपमेन्ट एंड क्लाइमेट चेंज' थीम पर एक प्रोजेक्ट का निर्माण किया था, जिसमें दूरस्थ वनांचल इलाकों था विद्युत के पहुँच से दूर गाँवों में सूर्य के प्रकाश द्वारा पानी की बोतलों के माध्यम से घर के कमरों को रोशन करने का मॉडल तैयार किया था।

उक्त प्रतियोगिता में राजनांदगाव जिले से शा उ मा शाला जंगलपुर के आलावा शा उ मा शाला सोमनी, शा उ मा शाला बीजेभाठा और वेसलियन हिन्दी माध्यम उ मा शाला राजनांदगाव सहित छत्तीसगढ़ के 276 शासकीय और निजी स्कूलों के प्रतिभागियों ने अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया था। प्रोजेक्ट निर्माण में एच एल चतुर्वेदी, व्याख्याता शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला आसरा का सहयोग प्राप्त हुआ। शाला के प्रोजेक्ट का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित होने पर जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य खरे, सहायक जिला परियोजना अधिकारी पी आर झाड़े, जिला अटल टिंकरिंग लैब प्रभारी एपीसी आदर्श वासनिक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी आर.एल. पात्रे, विद्यालय के शिक्षक तथा ग्रामवासियों बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है।

// न्यायालय तहसीलदार, राजनांदगांव जिला-राजनांदगांव //

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रघुबीर प्रसाद देवांगन आ. फंदीराम देवांगन, निवासी-शंकरपुर, राजनांदगांव के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम चिखली. प.ह.नं. 39, तहसील व जिला-राजनांदगाँव स्थित भूमि खसरा नंबर- 132/13, रकबा 0.0100हे. भूमि के राजस्व ऑनलाईन अभिलेख में आवेदक एवं अन्य सहखातेदार का नाम सुधारकर सही नाम रघुबीर प्रसाद देवांगन आ. फंदीराम देवांगन, एवं रघुनंदन देवांगन आ. फंदीराम देवांगन तथा तोरनलाल देवांगन आ. फंदीराम देवांगन दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

उक्ताशय के संबंध मे जिस किसी व्यक्ति/संस्था को किसी भी प्रकार की कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नियत पेशी तारीख 10/10/2024 के पूर्व स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय तक लिखित मे प्रस्तुत कर सकते है, बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

अतः यह ईश्तहार आज दिनाँक 20/09/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

जारी दिनॉक :- 20/9/2024
पेशी दिनांक :-10/10/2024

तहसीलदार
राजनांदगांव (छ.ग.)

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
3-7-9
134-8 230-5
राजधानी
1-5-8
680-4 679-2

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरुपयोग न करें। दुरुपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)**

**निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण)**

निविदा विज्ञप्ति क. 5988 /12/ नि.वि./ लोनिवि/2024-2025 दिनांक 27/09/2024

छत्तीसगढ़ राज्य में बेरोजगार युवकों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किये गये "ई" श्रेणी पंजीयन में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र A E में प्रतिशत दर पर ब्लाक स्तर पर निविदा आमंत्रित की जाती है:-

1. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 17/10/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 24/10/2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 25/10/2024 अपरान्ह 11.30 बजे

| क्रमांक | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 1 | उपसंभाग चौकी के अंतर्गत उपखंड मानपुर के विभिन्न पुल पुलियों का साधारण मरम्मत कार्य (विकासखंड-मानपुर) | 5.00 | 5000.00 |
| 2 | उपसंभाग चौकी के अंतर्गत पुराना विश्रामगृह मानपुर के दरवाजे, खिड़की, ग्रिल, फ्लोर एवं पाईप लाईन मरम्मत कार्य (विकासखंड-मानपुर) | 5.00 | 5000.00 |
| 3 | कलेक्टर कार्यालय मोहला में विस्तार कार्य का शेष कार्य (विकासखंड-मोहला) | 18.39 | 14000.00 |
| 4 | कलेक्टर कार्यालय मोहला में बाउंड्रीवाल एवं पार्किंग शेड का शेष कार्य (विकासखंड-मोहला) | 11.61 | 9000.00 |
| 5 | शासकीय बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर महाविद्यालय डोंगरगांव में उन्नयन कार्य (विकासखंड-डोंगरगांव) | 10.96 | 8500.00 |

निविदा समय-सारणी एवं आवश्यक निर्देश:- आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित दस्तावेज की छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है। (1) ई-पंजीयन की छायाप्रति (2) निवास प्रमाण-पत्र (3) जी.एस.टी. प्रमाण-पत्र (4) पेन कार्ड (5) अन्य जानकारी कार्यालीन अवधि में देखा जा सकता है।

जी- 242502856/2

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग राजनांदगांव (छ.ग.)

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
फिल्म की लम्बाई अधिक होने के कारण कृपया समय का ध्यान रखें
पहला खेल 11.30, 2.45, 6 व रात्रि 9.15 बजे
करण जौहर एवं ए.ए. फिल्मस् कृत
देवरा - पार्ट-1
कलाकार - जुनियर एन. टी. आर., जान्हवी कपूर, सैफ अली खान, राम्या कृष्णा, प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको, कलैयारासन, अभिमन्यु सिंह आदि।




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

paytm book my show
SILVER SCREEN MULTIPLEX
27th SEP to 03rd Oct 2024
silver SCREEN




Devara - 11:30am, 11:45am, 02:45, 03:00, 06:00, 06:15, 09:15 and 09:30 pm
Yudhra (Hindi) - 12:00 pm
Stree 2 - 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) 8085600200

# कलेक्टर ने अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं योजना के प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टोरेट परिसर से साईकल रैली को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

राजनांदगांव (दावा)। शासन के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के 6 वर्ष एवं आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के 3 वर्ष पूर्ण होने पर कलेक्टर संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में 20 से 30 सितम्बर 2024 तक आयुष्मान भारत पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आयुष्मान भारत पखवाड़ा के दौरान अधिक से अधिक आयुष्मान कार्ड बनवाने एवं योजना के प्रचार-प्रसार के लिए कलेक्टोरेट परिसर से साईकल रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। साईकल रैली कलेक्टोरेट परिसर से ठाकुर प्यारे लाल चौक, महावीर चौक, पोस्ट ऑफिस चौक, भारत माता चौक, मानव मंदिर चौक, गुरूद्वारा चौक, आंबेडकर चौक होते हुए वापस कलेक्टोरेट परिसर में समाप्त हुई। साईकल रैली में सर्वेश्वर दास उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, ठाकुर प्यारेलाल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बसंतपुर के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं शामिल हुए। साईकल रैली के माध्यम से प्राचार्यों एवं शिक्षकों को आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु सभी शेष रह गए छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य विभाग से समन्वय कर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने कहा गया। साथ ही आमजनों से अपने एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों का आयुष्मान कार्ड पखवाड़े के दौरान आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने की अपील की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्रीमती इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, जिला टीकाकरण अधिकारी सह नोडल अधिकारी आयुष्मान भारत डॉ. बी एल तुलावी, सहायक संचालक शिक्षा नितिन हिरवानी, जिला परियोजना समन्वयक आयुष्मान भारत ऐश्वर्य साव, जिला स्कॉउट प्रभारी मयुक श्रीवास्तव, कि ओस्क ऑपरेटर





पवन यादव, वासुदेव साहू, कृष्ण कुमार नागवंशी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व कर्मचारी, स्कूलों के प्राचार्य, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**आयुष्मान भारत पखवाड़ा के अंतर्गत जनसामान्य को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए किया जा रहा प्रेरित**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि जिले में आयोजित आयुष्मान पखवाड़े के दौरान आयुष्मान कार्ड पंजीयन हेतु शेष समस्त हितग्राहियों के घर-घर जाकर शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड पंजीयन करने का कार्य किया जा रहा हैं। साथ ही आयुष्मान चौपाल व सभा, स्कूलों में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन, आयुष्मान भारत निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वास्थ्य के लिए दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। जिले में योजनांतर्गत पंजीकृत चार शासकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र डोंगरगांव, घुमका, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लाल बहादुर नगर एवं सुरगी तथा तीन निजी चिकित्सालयों क्रिश्चियन फेलोशिप हॉस्पिटल राजनांदगांव, सांई कृपा हॉस्पिटल राजनांदगांव एवं समदा सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल राजनांदगांव को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत सराहनीय योगदान दिये जाने हेतु सम्मानित किया गया है। आयुष्मान भारत कार्ड बनाने हेतु राशन कार्ड, आधार कार्ड एवं आधार लिंक मोबाईल नम्बर लेकर आना आवश्यक है। परिवार के समस्त सदस्यों का अलग-अलग आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जाएगा। परिवार के समस्त सदस्यों के साथ अपने क्षेत्र के नजदीकी च्वाईस सेंटर एवं समस्त शासकीय अस्पताल में जाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। राजनांदगांव शहरी क्षेत्र अंतर्गत समस्त च्वॉइस सेंटर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री, जिला चिकित्सालय बसंतपुर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र शंकरपुर, लखोली, मोतीपुर एवं पुराना अस्पताल गुरूद्वारा चौक में जाकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत पात्र बीपीएल परिवारों को 5 लाख रूपए एवं शेष परिवार अर्थात एपीएल परिवारों को शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना अंतर्गत 50 हजार रूपए तक का लाभ योजना के दिशा-निर्देशानुसार योजनांतर्गत पंजीकृत किसी भी शासकीय एवं निजी चिकित्सालय में आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। अन्य अतिरिक्त गंभीर बीमारी हेतु मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत 25 लाख रूपए तक स्वास्थ्य सहायता प्रदान किया जा रहा हैं, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु आयुष्मान कार्ड अनिवार्य हैं। आयुष्मान भारत बनाने की प्रक्रिया पूर्ण रूप से निःशुल्क हैं। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नंम्बर 104 या निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र या कार्यालय मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी राजनांदगांव में प्राप्त किया जा सकता है।

## डॉ. मिथिलेश शर्मा द्वारा निःशुल्क जाँच परामर्श एवं निदान शिविर आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध डॉ. मिथिलेश शर्मा द्वारा स्व. मदन लाल शर्मा, स्वर्गीय गणेश शंकर शर्मा एवं स्वर्गीय अनुसुईया देवी के स्मृति में निःशुल्क जांच परामर्श एवं निदान शिविर का आयोजन 30 सितंबर दिन सोमवार को राजनांदगांव में किया गया। शिविर में कान, नाक, गला एवं अन्य रोगों का निःशुल्क जांच एवं परामर्श व निदान किया गया। शिविर में राजनांदगांव की जनता एवं आसपास के गांव के सैकड़ों लोगों ने लाभ उठाया एवं उनकी बीमारियों का निदान किया गया।

## अशोक पंजवानी बने दुर्गोत्सव समिति के अध्यक्ष



राजनांदगांव(दावा)। श्रीकृष्ण नवदुर्गा उत्सव समिति चौखड़िया पारा वार्ड नं. 41 ने सिंधी धर्मशाला के पीछे शारदीय नवरात्र पर माँ दुर्गोत्सव हेतु आयोजन समिति का पुर्नगठन किया गया जिसमें वार्ड के पूर्व पार्षद एवं सिंधु एकादमी के डायरेक्टर छत्तीसगढ़ शासन के कांग्रेस नेता अशोक पंजवानी को सर्वसम्मति से 24 वें में अध्यक्ष चुना गया। सभी मोहल्लेवासियों ने श्री पंजवानी को अपना समर्थन देते हुए अपना अध्यक्ष नियुक्त किया। पंजवानी ने मोहल्लेवासियों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि हर साल की तरह इस साल भी सभी कार्यक्रम एवं भण्डारा धूमधाम से करेंगे।

## लायंस क्लब द्वारा उत्कृष्टता का सम्मान से मेधावी छात्राओं को किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। उच्च गुणवत्ता युक्त शिक्षण संस्थान रॉयल किड्स कान्वेंट में लायंस क्लब राजनांदगांव ने आज 'होंनोरिंग एक्सीलेंस' कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें रॉयल किड्स कान्वेंट के होनहार छात्रों को उनकी अकादमिक उपलब्धियां और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया।





इस कार्यक्रम में लायंस क्लब राजनांदगांव ने रॉयल किड्स कान्वेंट के 15 उत्कृष्ट छात्रों को सम्मानित किया। इन छात्रों ने अपनी अकादमिक उपलब्धियां और एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। रिदम कुमार, (राजेश ठाकुर, श्रीमती राखी ठाकुर) परिशी वल्यारनि (रतन वल्यारनि, श्रीमती भारती वल्यारनि), किंजल मिश्रा (रामनाथ मिश्रा, श्रीमती मनोरमा मिश्रा), प्रणव खंडेलवाल (अभिषेक खंडेलवाल, श्रीमती एकता खंडेलवाल), सुहा साहू (प्रशांत साहू, श्रीमती दीपा साहू), गुंजन वैष्णव (संतोष कुमार वैष्णव, श्रीमती सीमा वैष्णव), कार्तिक कश्यप (ज्योति प्रकाश कश्यप, श्रीमती आशा देवी), शरण्या श्रीवास्तव (संजय श्रीवास्तव, श्रीमती एकता श्रीवास्तव), फाल्गुनी देवांगन (भरत देवांगन, श्रीमती स्मिता देवांगन), वैभवी खंडेलवाल (मनीष खंडेलवाल, श्रीमती पूजा खंडेलवाल), साक्षी सिन्हा (लक्ष्मण सिंन्हा, श्रीमती मुनेश्वरी सिंन्हा), पृथ्वी राव (राजीव राव, श्रीमती गीतांजलि राव), तरुण साहू (कमल साहू, श्रीमती प्रिया साहू) रौनक पार्टे (प्रमोद कुमार पार्टे, श्रीमती किरण पार्टे) श्रद्धा बिसेन (अजय कुमार बिसेन, श्रीमती किरण बिसेन), बेस्ट ऑल राउंडर के लिए इन सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के पदाधिकारी टॉप 10 संस्थापक-लायन सुनील बरडिया, रीजन चेयरपर्सन-0 लायन राजेश जैन, टॉप 10 अध्यक्ष लायन मनोज गुप्ता अग्रहरि सचिव लायन डॉ गिरीश श्रीवास्तव, रीजन सेक्रेटरी-लायन राजकुमार शर्मा, लायन सुरेश शर्मा, लायन शोभा चौरसिया, लायन कंचन चौबे, लायन अनीता चौबे ने कहा कि हमें उम्मीद है कि यह छात्र अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएंगे।

इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा श्रीमती डॉक्टर सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, निर्देशक संजय बहादुर सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल, बरसर आई.के. वैष्णव, सीबीएसई प्राचार्या श्रीमती एकता खंडेलवाल, श्रीमती सुषमा शुक्ला, श्रीमती ममता मिश्रा ने इन विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

## 52 पत्ती के साथ 4 गिरफ्तार



खैरागढ़ (दावा)। सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते 4 जुआरियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डे एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में जुआ सट्टा पर पूर्णत प्रतिबंध लगाने लगातार कार्यवाही जा रहा है। जिसके तारतम्य में रविवार 29 सितंबर को थाना खैरागढ़ पुलिस एवं सायबर सेल केसीजी की संयुक्त टीम के द्वारा मुखबीर की सूचना पर बडे नाला अमलीपारा के पास जुआ रेड कार्यवाही किया गया। मौके पर 4 आरोपी गिरफ्तार किए गए। आरोपी माधोमल आहूजा(बल्लू) पिता शीतलचंद उम्र 56 साल निवासी तुरकारी पारा खैरागढ़, नीलेश बैद पिता आसकरण उम्र 48 साल निवासी गोलबाजार खैरागढ़, अजय ढीमर पिता द्वारिका 24 साल निवासी कुम्हारपारा खैरागढ़, संतोष सिन्हा पिता छबि लाल उम्र 38 वर्ष निवासी अमलीपारा खैरागढ़ को सार्वजनिक स्थान में ताश पत्ती से रुपए का हार जीत का दांव लगाकर जुआं खेलते पकड़ा गया। आरोपियों से 52 पत्ती ताश एवं कुल नगदी रकम 51500 रू., 02 नग तथा 07 नग मोबाइल फोन को जप्त कर आरोपियों के विरुद्ध धारा 03 (2) छत्तीसगढ़ जुआं प्रतिषेध अधिनियम 2022 पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक अनिल शर्मा, सउनि राजेश ठाकुर, सउनि टैलेश सिंह, प्रधान आरक्षक कमलेश श्रीवास्तव, आरक्षक त्रिभुवन यदु, आरक्षक विभास सिंह की भूमिका रही।

## महावीर स्मार्ट सिटी ने आयोजित किया सद्भावना क्रिकेट प्रतियोगिता



राजनांदगांव (दावा)। शहर के फरहद चौक स्थित महावीर स्मार्ट सिटी में दो दिवसीय सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों, महिलाओं और पुरूषों की अलग-अलग टीमों ने अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन करते प्रतियोगिता में पुरस्कार हासिल किया।

शहर के महावीर स्मार्ट सिटी द्वारा फरहद चौक के समीप निर्मित स्मार्ट सिटी में सभी को एकजुट करते खेल और मनोरंजन का वातावरण निर्मित करने सद्भावना फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में चार पुरूष टीम, दो महिला टीम और बच्चों की टीम के अलावा पुरूष वर्ग में महावीर कंपनी की टीम ने हिस्सा लिया। इस रोमांचक क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रविवार की रात खेला गया। जिसमें महावीर कंपनी की टीम रनर अप रही। वहीं बालक वर्ग, महिला वर्ग और पुरूष वर्ग की विजेता टीमों सहित उपविजेता टीमों को प्रतीक चिन्ह से सम्मानित किया गया। वहीं व्यक्तिगत पुरस्कार से भी सभी वर्ग में टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

### दूधिया रोशनी में रोमांचक खेल का मुकाबला

पारिवारिक माहौल में आयोजित किए गए इस फ्लड लाइट क्रिकेट प्रतियोगिता में महिलाओं की टीम में खासा उत्साह रहा। इस टीम में कामकाजी और गृहिणी महिलाएं भी शामिल हुई, जहां उन्होंने अपने खेल का बेहतर प्रदर्शन किया। 2 दिवसीय इस टूर्नामेंट के दौरान महिलाओं की टीम में गजब का उत्साह नजर आया।

### टर्फ नेट ग्राउंड में आयोजित हुई प्रतियोगिता

महावीर स्मार्ट सिटी में बने भव्य टर्फ नेट ग्राउंड में यह क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में खासा रोमांच था। वहीं पुरूष वर्ग की टीम ने भी दमखम के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। दिनभर के कामकाज से मुक्त होकर रात्रिकालीन इस क्रिकेट प्रतियोगिता में हिस्सा लेते लोगों ने जमकर आनंद उठाया।

रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता के इस आयोजन का आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में स्मार्ट सिटी के लोग और महावीर ग्रुप से जुड़े पदाधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीआरपीएफ के रिटायर्ड अधिकारी शामिल हुए। इस अवसर पर महावीर ग्रुप के शिवम बोहरा, विकास बोहरा, प्रशांत बोहरा सहित दुष्यंत अवस्थी, अमित श्रीवास्तव, राकेश नेताम एवं सुपरवाईजर विवेक सहित बड़ी संख्या में स्मार्ट सिटी के लोग उपस्थित रहे।

## रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैम्प 9 अक्टूबर को

राजनांदगांव (दावा)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार केन्द्र राजनांदगांव में 9 अक्टूबर 2024 को सुबह 10.30 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उप संचालक एस.व्ही राजौरिया ने बताया कि प्लेसमेंट कैम्प में शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड तेलीबांधा रायपुर द्वारा एसआर सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव 35 पद एवं एग्रीकल्चर ऑफिसर 5 पद केवल पुरूष, भारत फाईनेंनशियल इन्क्लूशन लिमिटेड सेक्टर 01 अवंती विहार रायपुर द्वारा लोन ऑफिसर 100 पद एवं अस्स्टिेंट ब्रांच मैनेजर 10 पद, सोनाटा फायनेंस प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर द्वारा फील्ड ऑफिसर 50 पद, आदित्य बिरला सन लाईफ इंश्यूरेंस कंपनी राजनांदगांव द्वारा फाईनेंनशियल एडवाईजर 30 पद, एपीएल अपोलो बिल्डिंग प्रोडक्ट प्रायवेट लिमिटेड बलौदाबाजार-भांठापारा द्वारा इलेक्ट्रीकल 2 पद, फिटर, मैकेनिक 2 पद, मैकनिकल 2 पद केवल पुरूष के लिए भर्ती की जाएगी। प्लेसमेंट कैम्प में शामिल होने के लिए इच्छुक आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता के सम्पूर्ण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, 2 पासपोट्र साईज फोटो व रोजगार पंजीयन कार्ड लाना अनिवार्य होगा।

## अहिल्या बाई होल्कर आदर्श लोकमाता - द्विवेदी




राजनांदगांव (दावा)। अखिल विश्व की अद्वितीय सनातन संस्कृति की पुण्यभूमि भारत में अतीव गौरवशीला नारियों ने जन्म लिया और हमारे देश-धरती के गौरवशाली इतिहास में अपना अद्वितीय स्थान बनाया है। इसी उज्जवल क्रम में मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध राजमाता अहिल्या बाई होल्कर का नाम प्रमुखता से आता है। महारानी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के परम पुण्य स्मृति परिप्रेक्ष्य में नगर के संस्कृति प्रज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने बताया कि संपूर्ण देश में महारानी से देवी और फिर लोकमाता के रूप में प्रसिद्ध हुई। अहिल्या बाई होल्कर अपने श्रेष्ठ, कुशल और अति न्यायप्रिय राज्य शासन के साथ-साथ सीमाओं की सुरक्षा जन-जन के लिए उत्कृष्म खान-पान, व्यवसाय, समरसता, पूर्ण सेवा व्यवस्था के लिए भी सिद्ध प्रसिद्ध रहीं। महाराष्ट्र के अहमद नगर के जामखेत के छोटे से ग्राम भौड़ी में जन्मी अहिल्या बाई का समग्र जीवनक्रम अत्यंत दुखों से भरा तथा अल्पायु में विवाह और फिर मात्र 29 वर्ष की आयु में वैध्वव्य को प्राप्त होना। 43 वर्ष में पुत्र शोक, 62 वर्ष की आयु में दोहित्र की मृत्यु और आगे दामाद के भी निधन जैसे अपार दुखों के बीच एक राजमाता के रूप में अत्यंत संयत रहकर तत्समय में सर्वश्रेष्ठ राज्य शासन व्यवस्था जो उन्हें इतिहास में महान नारी शासक के रूप में अमर करती है। उनकी इसी गौरवगाथा के कारण ही आज भी इंदौर में प्रतिवर्ष भाद्रप्रद कृष्ण चतुर्दशी को अहिल्या उत्सव आयोजित होता है।

आगे डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विशेष रूप से बताया कि आत्म प्रतिष्ठा और आत्म मुग्धता के मोह से सर्वदा परे रहने वाली अहिल्या बाई ने कम समय में ही पूरे भारतवर्ष का भ्रमण किया और यहाँ अत्यंत प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों में शिव मंदिर बनवायें। घाटों का निर्माण कराया। कुआँ, बावलियां बनवाई। अच्छे और सहज पक्के मार्ग निर्मित किए और सबसे अधिक प्रशंसनीय रूप से अन्न-सत्र भोजन केन्द्र जगह-जगह आम जन के लिए स्थापित की। शुद्ध पेयजल के लिए प्याऊ घरों की स्थापना करवाई। महेश्वर जो उनके राज्य का राजधानी नगर था वहाँ विशाल महल बनाया और बनारस में काशी विश्वनाथ प्रसिद्ध शिवलिंग की स्थापना का यशोगान तो आज तक होता है। यह कहना अतिश्योक्ति पूर्ण नहीं होगा कि अहिल्या बाई होल्कर जी का महान व्यक्तित्व-कृतित्व लोकसेवा और लोक कल्याणकारी निर्माण का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है जो हमारी नेतृत्वकर्ता पीढ़ी के लिए श्रेष्ठ, सार्थक अत्यंत प्रेरणास्पद उदाहरण है। आइये हम सभी मन्शा-वाचा-कर्मणा से इस महान नारी शक्ति लोकमाता अहिल्या बाई के परमपावन पुण्यात्म कार्यो को लोकमंगला संकल्प के रूप में नित्यजीवन क्रम में धारण करें। यही लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर जी की 300वीं जयंती का श्रेष्ठ-सार्थक वर्तमान पीढ़ी के लिए संदेश होगा।

## गोलछा परिवार की अनूठी पहल, एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ, दनिया में होगा लोकार्पण




राजनांदगांव (दावा)। गोलछा परिवार द्वारा अपने दिवंगत पूज्य परिजन स्व. घेवरचंद गोलछा और स्व. श्रीमती पानी देवी गोलछा की स्मृति में समाजसेवा की भावना से प्रेरित होकर आगामी 4 अक्टूबर को एक अत्याधुनिक एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। यह सेवा, समाज के जरूरतमंद और दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

इस पावन अवसर पर रायपुर के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. रवि जैन और उनकी अनुभवी मेडिकल टीम तथा भगवान महावीर जैन रिलीफ ट्रस्ट एवं अरबिंदो नेत्रालय रायपुर के द्वारा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दंत एवं नेत्र परीक्षण की निःशुल्क सेवाएं प्रदान की जाएंगी। यह सेवाएं सभी के लिए उपलब्ध होंगी, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। दोपहर 2 बजे एक भव्य समारोह में एम्बुलेंस सेवा का विधिवत लोकार्पण किया जाएगा। इस कार्यक्रम में खैरागढ़, राजनांदगांव और बेमेतरा जिलों के प्रतिष्ठित जनप्रतिनिधियों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### आपातकालीन चिकित्सा सहायता

एम्बुलेंस सेवा के माध्यम से क्षेत्रीय लोगों को त्वरित और सुलभ चिकित्सा सहायता उपलब्ध होगी, जिससे आपातकालीन स्थितियों में जीवन बचाने का सुनहरा अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतर पहुंच दूर-दराज के गांवों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ेगी, जिससे ग्रामीण इलाकों के लोग समय पर उचित चिकित्सा उपचार प्राप्त कर सकेंगे। निःशुल्क नेत्र एवं दंत परीक्षण यह पहल न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाएगी, बल्कि आम लोगों को अपनी सेहत का ख्याल रखने के लिए प्रोत्साहित भी करेगी।

यह एम्बुलेंस सेवा खैरागढ़ जिले के गंडई, छुईखदान, साल्हेवारा तहसील और बेमेतरा जिला के परपौड़ी, साजा, धमधा क्षेत्रों के निवासियों को समर्पित होगी। यह पहल इन ग्रामीण इलाकों में चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी को दूर करने का एक सार्थक कदम साबित होगी।

गोलछा परिवार द्वारा किया गया यह प्रयास उनकी सेवा भावना और समाज के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एम्बुलेंस सेवा के माध्यम सेए परिवार ने समाज को न केवल चिकित्सा सहायता प्रदान करने का, बल्कि जीवनरक्षक सेवाओं को हर व्यक्ति तक पहुँचाने का दृढ़ संकल्प लिया है। इस कार्यक्रम में गोलछा परिवार की इस सराहनीय पहल की सराहना करने और समाजसेवा के इस महान कार्य में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए सभी को सादर आमंत्रित किया गया है। इस सेवा कार्य में सम्मिलित होकर हम भी इस नेक कार्य का हिस्सा बनें और समाज में सेवा और समर्पण की इस भावना को और सशक्त बनाएं।

## नवरात्रि पर्व के दौरान प्रशासन के समक्ष पार्किंग की समस्या



डोंगरगढ़ (दावा)। नवरात्रि पर्व की भव्यता और माता के दरबार में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ ने प्रशासन के समक्ष अन्य व्यवस्था के साथ-साथ पार्किंग की व्यवस्था चुनौती बनी हुई है। मेला परिसर में अनेक स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था प्रशासन की ओर से एवं निजी भूमि स्वामीयों द्वारा की जाती है। लेकिन जगह पर्याप्त नहीं होने के कारण मां बमलेश्वरी परिसर के चारों दिशा की ओर लगभग 1 किलोमीटर से अधिक की दूरी पर भी प्रशासन को पार्किंग की व्यवस्था करनी पड़ती है। ऐसे में निजी भूमि स्वामी अपनी व्यापक सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए समय से पूर्व ही प्रशासन को अपनी सुरक्षा का हवाला दे देकर अपनी निजी भूमि पर पार्किंग की अनुमति न देने की मांग कर रहे हैं। गत वर्ष निजी भूमि पर अघोषित पार्किंग होने से भूमि स्वामी व परिजनों को जिन दिक्कतों का सामना करना पड़ा उनकी पीड़ा से अवगत कराते हुए स्व. शिवेंद्र बहादुर सिंह के पुत्र भवानी बहादुर सिंह द्वारा प्रशासन को पत्र प्रेषित कर उनके निजी भूमि पर पार्किंग की अनुमति नहीं देने की मांग की गई है।

**० मां बम्लेश्वरी परिसर से चारों दिशा में एक किलोमीटर से अधिक दूरी पर पार्किंग की व्यवस्था बनाई जा रही है**

**० भवानी बहादुर सिंह ने प्रशासन को पत्र लिखकर उनके निजी भूमि पर पार्किंग की अनुमति न देने की मांग की**

स्थानीय प्रशासन के उच्च अधिकारियों को प्रेषित पत्र में भवानी बहादुर सिंह ने कहा है कि शहर के भीतरी भाग में स्थित लाल निवास के पास लाल निवास से लगी रिक्त भूमि पर हमारी अनुमति के बिना कार पार्किंग हेतु अलॉट की अनुमति नही दिया जाय। पत्र में आगे कहा गया है कि, मैं भवानी बहादुर सिंह राजा विरेन्द्र बहादुर के पुत्र स्व. शिवेन्द्र बहादुर सिंह का पुत्र हूं एवं भूतपूर्व केबिनेट मंत्री गीतादेवी सिंह का पुत्र एवं एक मात्र उत्तराधिकारी हूं। जिस कारण मेरे जान माल एवं स्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु लाल निवास के पास हमारे स्वामित्व का रिक्त भूखंड है। जिसे चार और दीवारी एवं गेट लगाकर धेर कर सुरक्षित रखा गया है। उक्त स्थल पर अनाधिकृत रूप से कुछ लोग नवरात्रि में कार पार्किंग करते है तथा अवैध वसूली एवं मारपीट गुंडागर्दी हमेशा होती है। जिसका बचाव एवं अपनी सुरक्षा हेतु उक्त स्थल को सुरक्षित घेरा किया गया है। उक्त स्थल में अवैध वाहनो की पार्किंग आवाजाही से ध्वनि एवं वायु प्रदुषण होता है। जिससे मेरे स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ता है तथा असामाजिक तत्वों का उक्त स्थल पर जमावडा होने से मेरी सुरक्षा एवं जान माल का खतरा उत्पन्न हो जाता है। जिसके लिये उक्त स्थल पर किसी भी व्यक्ति के द्वारा अनाधिकृत रूप से पार्किंग किया जाता है तो उससे मेरे स्वस्थ जीवन की अपूर्णीय क्षति होने की संभावना है। मेरी शिकायत आवेदन को स्वीकार कर मेरे एवं परिवार के जीवन स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को ध्यान में रखकर किसी भी व्यक्ति को लाल निवास में पार्किंग करने हेतु अनुमति प्रदान न की जाए।

## अनमोल दावा

> जीवन की सबसे महंगी चीज आपका वर्तमान है, जो एक बार चला जाए तो फिर पूरी दुनिया की संपत्ति से भी उसे खरीद नहीं सकते।

# प्रदूषण से निपटने के दिखावटी उपाय, आधे-अधूरे प्रबंध

बीते कुछ दिनों से पंजाब से खबरें आ रही हैं कि वहां पराली जलनी शुरू हो गई है। पिछले लगभग एक दशक से उत्तर भारत और खास तौर से दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ते ही केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न प्रदूषण रोधी एजेंसियां सक्रिय हो जाती हैं। चूंकि सबसे पहले दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण सिर उठाता है इसलिए दिल्ली सरकार की प्रदूषण रोधी गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं।

मानसून की वापसी के बाद लगभग आधे भारत में मौसम बदलने का सिलसिला शुरू हो जाता है और उत्तर पश्चिम की तरफ से आने वाली हवाओं के चलते कुछ ही दिनों में हल्की ठंड का आभास होने लगता है। ठंड के चलते हवा में प्रदूषणकारी कण बढ़ जाते हैं, क्योंकि वे धरती की सतह से ज्यादा ऊपर उठ नहीं उठ पाते। इसी के चलते प्रदूषण बढ़ने लगता है। प्रदूषण के इन कणों में वाहनों का उत्सर्जन, लकड़ी, उपले या कोयला जलाने से निकलने वाला धुआं और धूल तो शामिल होती ही है, पराली का धुआं भी शामिल होता है।

बीते कुछ दिनों से पंजाब से खबरें आ रही हैं कि वहां पराली जलनी शुरू हो गई है। पिछले लगभग एक दशक से उत्तर भारत और खास तौर से दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण बढ़ते ही केंद्र सरकार, सुप्रीम कोर्ट और विभिन्न प्रदूषण रोधी एजेंसियां सक्रिय हो जाती हैं। चूंकि सबसे पहले दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण सिर उठाता है, इसलिए दिल्ली सरकार की प्रदूषण रोधी गतिविधियां भी बढ़ जाती हैं। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रेप सिस्टम बनाया हुआ है। इसके तहत दिल्ली-एनसीआर में एक्यूआइ बढ़ने यानी हवा की गुणवत्ता खराब होते ही चरणबद्ध तरीके से तरह-तरह की पाबंदियां लगाई जाने लगती हैं। इनमें निर्माण कार्यों और औद्योगिक गतिविधियों पर रोक तथा आड-इवन सिस्टम लागू करने से लेकर अन्य प्रदेशों के डीजल वाहनों के प्रवेश पर पाबंदी भी शामिल है। अभी तक का अनुभव यही बताता है कि ये उपाय प्रभावी नहीं साबित होते। यह किसी से छिपा नहीं कि पंजाब, हरियाणा आदि में पराली जलाने के उपाय कारगर नहीं हो पा रहे हैं।

पंजाब में पराली जलने की खबरें आने से यही साबित होता है कि उसे जलाने से रोकने के जो प्रबंध किए गए हैं, वे आधे-अधूरे ही हैं। कहां कितनी पराली जलाई गई, इसका आंकड़ा तो सामने आ जाता है, लेकिन कोई नहीं जानता कि उसे जलाने से रोकने में सफलता कब मिलेगी? शायद इसी कारण पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पराली जलने से रोकने के उपाय हवा में ही हैं। कुल मिलाकर इस बार भी इसके आसार नहीं कि पंजाब और अन्य राज्यों में पराली को जलने से रोका जा सकेगा। वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए सरकारों को जो कड़े कदम उठाने चाहिए, वे इसलिए नहीं उठाए जा पा रहे हैं, क्योंकि उन्हें लेकर आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति होती रहती है और नौकरशाही भी समय पर सही फैसला करने के बजाय हीलाहवाली करती है।दिल्ली-एनसीआर समेत देश के अन्य बड़े शहरों में सड़कों पर अतिक्रमण और उसके चलते ट्रैफिक जाम आम है। इसके अलावा रिहायशी इलाकों में औद्योगिक गतिविधियां संचालित होना भी आम है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि औद्योगिक क्षेत्रों को सही रूप में विकसित नहीं किया जा सका है। समस्या यह भी है कि इसके बारे में कोई परवाह नहीं की जाती कि निर्माण स्थलों पर धूल को नियंत्रित किया जाए। सरकारें चाहें तो निर्माण स्थलों और साथ ही सड़कों से उड़ने वाली धूल को नियंत्रित कर सकती हैं, लेकिन इसके लिए वे कोई ठोस उपाय नहीं कर रही हैं। सरकारें और उनकी एजेंसियां अनियोजित औद्योगिक गतिविधियों पर भी लगाम नहीं लगा पा रही हैं। वे कूड़ा-करकट को जलाने से रोकने में भी नाकाम हैं।प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए जैसी राजनीतिक इच्छाशक्ति की आवश्यकता है, उसका परिचय नहीं दिया जा रहा और इसी के चलते उन कारणों का निवारण नहीं हो पा रहा, जिनसे हवा की गुणवत्ता खराब होती है। चूंकि अपने देश में वायु प्रदूषण को लेकर वैसी जागरूकता नहीं, जैसी होनी चाहिए, इसलिए उसके प्रति समाज का एक छोटा सा वर्ग ही अपनी चिंता दिखाता है। आम तौर पर पर्यावरणविद्, शहरी अभिजात्य वर्ग और कुछ अन्य लोग ही वायु प्रदूषण से चिंतित होते हैं। इसी कारण न तो नेता उसकी परवाह करते हैं और न ही नौकरशाह। यह स्थिति तब है, जब एक के बाद अध्ययन यह बताते हैं कि वायु प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा कर रहा है। सरकारों के लिए यह आवश्यक है कि वे वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के मामले में वोट बैंक की परवाह करना छोड़ें। अभी वे किसानों से लेकर कारोबारियों तक को वोट बैंक की निगाह से देखती हैं और इसीलिए ठोस कदम नहीं उठातीं। वायु प्रदूषण पर लगाम तब लगेगी, जब प्रदूषण फैलने के कारणों का निवारण करने के लिए कड़वी गोली का सहारा लिया जाएगा और जनता को जागरूक किया जाएगा। यह देखा जा रहा है कि किसान हों या अन्य आम लोग, वे वायु प्रदूषण की मुश्किल से ही चिंता करते हैं। वे न तो इसमें दिलचस्पी लेते हैं कि पराली न जले और न ही इसमें कि तंदूर-अंगीठी आदि का इस्तेमाल न हो। इसीलिए सर्दियों में कूड़ा-करकट भी जलता रहता है और सड़कों एवं निर्माण स्थलों से धूल भी उड़ती रहती है। औसत लोग यह महसूस ही नहीं करते कि वायु प्रदूषण सबसे अधिक उनके लिए ही जानलेवा साबित होता है। मीडिया से लेकर उच्चतम न्यायालय और प्रदूषण पर निगाह रखने वाली राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं प्रदूषण पर कितनी ही चिंता जताएं, आम आदमी पर उसका कोई फर्क नहीं पड़ता। औसत लोग अपने क्षेत्र के नेताओं के बारे में यह जानने-समझने की कोशिश ही नहीं करते कि वे प्रदूषण के कारणों का निवारण करने के लिए सक्रिय भी हैं या नहीं?

# राहुल गांधी ने अमेरिका में सिखों पर जो कहा, उससे भारत में क्या बदलेगा?

**अवतार सिंह**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हाल ही में अमेरिका दौरे के दौरान सिख समुदाय पर टिप्पणी की थी.इस बयान पर बीजेपी ने आपत्ति जताई थी. बाद में राहुल गांधी ने अपने बयान का पूरा वीडियो जारी कर कहा था कि बीजेपी झूठ फैला रही है.राहुल गांधी ने 10 सितंबर को सिखों के बारे में वॉशिंगटन में कहा था, लड़ाई इस बात को लेकर है कि वे भारत में एक सिख के रूप में अपनी पगड़ी बांध सकते हैं या नहीं, या वे कड़ा पहन सकते हैं या नहीं, या वे किसी गुरुद्वारे में जा सकते हैं या नहीं, लड़ाई इस बारे में है.इस बयान पर शुरू हुए विवाद के बाद सवाल ये है कि राहुल गांधी की इस टिप्पणी को कैसे देखा जाना चाहिए और 1984 दंगों के कारण अक्सर बीजेपी के निशाने पर रहने वाली कांग्रेस की राजनीति के लिए इसके क्या मायने हैं? 31 अक्तूबर 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद दिल्ली में सिख विरोधी दंगे हुए थे. दंगों के कारण बेसहारा हुए सैकड़ों बच्चों को पढ़ाने की ज़िम्मेदारी कुलबीर सिंह ने उठाई थी. कुलबीर सिंह कहते हैं, 1984 से पहले की बात है. मैं रक्षा मंत्रालय के कार्यालय जा रहा था, लेकिन मुझे अंदर जाने से रोक दिया गया क्योंकि मैंने गात्रा (छोटी कृपाण) पहना हुआ था. सिखों के साथ ऐसा अक्सर होता है, लेकिन जैसे राहुल गांधी ने अमेरिका में इस मुद्दे को उठाया, वह सही जगह नहीं थी

केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और शिरोमणि अकाली दल सालों से 1984 दंगों और ऑपरेशन ब्लू स्टार के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते रहे हैं.जून 1984 में अमृतसर स्थित श्री दरबार साहिब पर भारतीय सेना की कार्रवाई को ऑपरेशन ब्लू स्टार कहा जाता है.

राहुल गांधी पिछले दिनों लोकसभा में सिखों के पहले गुरु नानक देव की फोटो दिखाकर सिख दर्शन का उदाहरण दे चुके हैं. राहुल गांधी अक्सर दरबार साहिब अमृतसर जाते हैं. राहुल वहां लंगर के बर्तन साफ करते हैं और जूते साफ़ करने की सेवा भी करते हैं.वह अक्सर पंजाब में रैलियों के दौरान पगड़ी बांधते हैं. राहुल तीन कृषि क़ानूनों के खिलाफ़ किसानों के आंदोलन का समर्थन कर चुके हैं.हालाँकि राहुल गांधी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों के लिए अपने स्तर पर कभी माफ़ी नहीं मांगी है. लेकिन 2005 में तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने संसद में इस बारे में माफ़ी मांगी थी.10 सितंबर को राहुल गांधी ने अमेरिका में भारत में सिखों के धार्मिक प्रतीक पहनने से देश में कथित समस्या का मुद्दा उठाया था.राहुल गांधी ने कहा था, पहले आपको यह समझना होगा कि लड़ाई किस बारे में है. लड़ाई राजनीतिक नहीं है. यह सतही स्तर की समझ है. लड़ाई इस बात को लेकर है कि वे भारत में एक सिख के रूप में अपनी पगड़ी बांध सकते हैं या नहीं, या वे कड़ा पहन सकते हैं या नहीं, या वे किसी गुरुद्वारे में जा सकते हैं या नहीं, लड़ाई इस बारे में है.राहुल ने कहा था, और न केवल उनके लिए, यह सभी धर्मों के लिए है... लड़ाई तमिलनाडु, पंजाब, हरियाणा, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश के लिए भी है.शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने भी कहा था कि च्कांग्रेस नेता का बयान गलत नहीं है.इसके साथ ही केंद्रीय श्री गुरु सिंह सभा, चंडीगढ़ ने भी राहुल गांधी के बयान का स्वागत किया.राहुल गांधी के बयान पर वरिष्ठ पत्रकार जसपाल सिंह सिद्धू का कहना है कि भारत की आजादी के बाद पहली बार इतना बड़ा नेता खुलकर अल्पसंख्यकों के पक्ष में बोला है और यह च्पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भी आलोचना है.इसके अलावा कई अन्य सिख संगठनों ने भी राहुल गांधी के सिखों समेत अल्पसंख्यकों का मुद्दा उठाने का स्वागत किया.लेकिन भारतीय जनता पार्टी से जुड़े सिख नेताओं ने राहुल गांधी के बयान का विरोध किया और कहा कि राहुल को ऐसी बात कहने का कोई अधिकार नहीं है.सिख संगठन अक्सर सरकार पर सिखों को धमकाने, प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान छात्रों का कड़ा उतरवाने और सोशल मीडिया पर नफ़रत भरे प्रचार के जरिए उन्हें निशाना बनाने का आरोप लगाते हैं.18 सितंबर को शिरोमणि कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने राहुल गांधी का नाम लिए बिना कहा था, हालांकि कांग्रेस नेता का बयान गलत नहीं है, लेकिन सिख यह नहीं भूल सकते कि 1947 से 1984 तक कांग्रेस ने सिखों से किस हद तक भेदभाव और नरसंहार किया.बीबीसी पंजाबी से फोन पर बात करते हुए धामी ने कहा कि वह अपने बयान पर कायम हैं.

उन्होंने कहा, उन्होंने (राहुल गांधी) सिखों के बारे में जो कहा, उसके बारे में मैंने गोइंदवाल साहिब में बात की थी और मैं उस पर कायम हूं लेकिन कुछ लोग इसे अकाली दल से जोड़ रहे हैं.धामी शिरोमणि अकाली दल के सदस्य हैं. अकाली दल 1984 के सिख दंगों और दरबार साहिब अमृतसर पर हमले के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराता रहा है. वरिष्ठ पत्रकार जसपाल सिद्धू कहते हैं, राहुल गांधी का बयान स्वागत योग्य है लेकिन हमारे समुदाय के कुछ लोग जो हिंदुत्व से जुड़े हैं, वे इसे राजनीतिक मुद्दा बना रहे हैं, सिखों में फूट डाल रहे हैं.लेखक अमनदीप संधू का कहना है कि कांग्रेस और बीजेपी सिखों के मुद्दे को अपने-अपने तरीके से घुमा रहे हैं और दोनों गलत हैं.संधू के मुताबिक़, अब बीजेपी कहेगी कि कांग्रेस ने सिखों पर हमला किया है लेकिन कांग्रेस दावा करेगी कि सिख राहुल गांधी के पक्ष में हैं. इस तरह मुद्दे को भटकाना गलत है, लेकिन राहुल ने जो कहा है वह बिल्कुल सही है.वे कहते हैं, राहुल किस परिवार से आते हैं ये तो सब जानते हैं, लेकिन राहुल का दरबार साहिब जाकर सेवा करना और सिखों के बारे में बात करना, ये सब भी हमारे सामने है.मानवाधिकार कार्यकर्ता और 1984 पर उपन्यास मैं अपने शहर क्यों जाऊं के लेखक परमजीत सिंह का कहना है कि बीजेपी से जुड़े लोगों ने किसान आंदोलन के दौरान सिखों को आतंकवादी तक कहा था.परमजीत सिंह के मुताबिक, पंजाब से गुजरात गए सिख किसानों ने कच्छ इलाके में जमीनें बसाईं, लेकिन बीजेपी सरकार ने ऐसा कानून लाने की कोशिश की ताकि बाहरी लोग जमीन न खरीद सकें. इसलिए बीजेपी भी सिख समर्थक होने का दावा नहीं कर सकती.वे कहते हैं, राहुल गांधी का दिल भले ही साफ हो लेकिन उन्होंने परिपक्वता नहीं दिखाई है. हर दिन अन्य अल्पसंख्यकों के साथ जो सलूक होता है उसे लेकर कांग्रेस खुलकर सामने नहीं आती, लेकिन राहुल गांधी को सामने आना चाहिए.परमजीत सिंह कहते हैं, कांग्रेस को अगर सिखों के सामने अपनी साख बनानी है तो अभी बहुत काम करने की जरूरत है. इसलिए नीति निर्माण के संदर्भ में भी काम करना होगा. दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (डीएसजीएमसी) के अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका का कहना है कि राहुल गांधी को सिखों के बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है.

हरमीत सिंह कालका के मुताबिक़, राहुल गांधी ने 1984 के सिख नरसंहार की आलोचना नहीं की, न ही उन्होंने अपनी दादी के दरबार साहिब पर किए गए हमले की निंदा की. राहुल ऐसे बयान देकर उन लोगों को खुश करना चाहते हैं जो भारत को बाँटना चाहते हैं.

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम : 274 - श्री राम ने कहा, वीर योद्धा एक ही स्थान पर ठहर कर कर्तव्य नहीं निभा सकता

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



महाराज दशरथ ने भावुक होते हुए कहा, 'पुत्र! यह तुमने कैसी विचित्र स्थिति में अपनी इच्छा प्रकट की है। अगर कैकेई ने ये दो वर नहीं मांगे होते तो मैं तुम्हारी बात समझ भी जाता कि तुम स्वेच्छा से वन जा रहे हो। तुम्हारी इस स्वेच्छा के पीछे कैकेई द्वारा निर्मित किया गया भारी भावनात्मक दबाव है। मुझे अत्यंत दुख है कि इतिहास मुझे एक शक्तिहीन और परिस्थितियों के आगे विवश राजा के रूप में याद रखेगा पुत्र! एक ऐसा राजा जो स्वयं राज्य की राजधानी में सुख सुविधाओं के मध्य रहा और उसने अपने पुत्र को कष्ट प्राप्त करने के लिए वन प्रांतर में भेज दिया।'

'हे तात! मैं कोई असाधारण त्याग नहीं कर रहा हूं, और न ही यह स्थिति मेरे लिए किसी राजदंड या निर्वासन की तरह है। स्वयं आपने देवासुर संग्राम तथा असुरों से अनेक अवसरों पर युद्ध के लिए अयोध्या छोड़ी है। सीता के स्वयंवर के अवसर पर भगवान परशुराम ने महेंद्र पर्वत के लिए अपने प्रस्थान से पूर्व मुझे कुछ दायित्व सौंपे थे। महर्षि अपनी सीमाओं के कारण अब जिन दायित्वों का निर्वहन कर पाने में समर्थ नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें मुझे पूरा करना है।'

महाराज दशरथ अपने पुत्र के लोक कल्याणकारी दृष्टिकोण को सुनकर प्रसन्न हुए। श्री राम की बात पर उन्होंने कहा, 'क्या एक वीर स्थिर रहकर ऐसे दायित्व का पालन नहीं कर सकता है पुत्र?'

श्री राम ने समझाया, 'ऐसा करना कठिन है पिताश्री! सत्य, धर्म और न्याय की रक्षा के लिए एक योद्धा को भ्रमणशील होना चाहिए। अगर माता द्वारा ये दो वर न भी मांगे जाते,तो भी मुझे पिछले कुछ दिनों से हो रही आंतरिक प्रेरणा के कारण ऐसा निर्णय लेना ही था और फिर आपसे अनुमति भी लेनी होती। अतः आप मेरे वन जाने को लेकर शोक का अनुभव न करें और मुझे प्रसन्न होकर विदा करें।'

(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा संस्कृत साहित्य में आदि कवि वाल्मीकि और हिंदी साहित्य में अवधी के महाकवि तुलसी से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने उन रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए श्री राम के जीवन के विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

### शब्द सामर्थ्य -194

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**
1. बेफिक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 193 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | ■ | सि | खा | य | ■ | कि |
| लि | ■ | चा | ह | त | ■ | म | म | ता |
| क | सू | र | ■ | म | ग | न | ■ | ब |
| ■ | र | ■ | ■ | ■ | द | ■ | ■ | ■ |
| क | मा | न | ■ | पा | र | स | ■ | स |
| मी | ■ | म | जा | ल | ■ | न | क | ली |
| ना | दा | न | ■ | ना | र | द | ■ | का |
| ■ | मि | ■ | ■ | ■ | तीं | ■ | ■ | ■ |
| सु | नी | ल | ■ | अ | धी | र | ■ | जी |

# दिखावे का कहना

**गिरीश बख्शी**



मधुकर का मन तहसील आफिस से आते-आते आज फिर खिन्न हो गया-ऐसा लगा कि अब वह फिर उस आफिस का मुँह नहीं देखेगो और उस बाबू..... क्या नाम है उसका....हॉ! याद आया बिहारी लाल। वह बिहारीलाल नहीं दरअसल वह 'ऊपरी' लाल है। उसकी नजर, अपनी नौकरी की कमाई तनख्वाह पर नहीं ऊपरी पर रहती है। वह जानता है तनख्वाह उसे पहली नहीं तो दूसरी तारीख को मिलेगी ही चाहे वह काम करे या न करें पर ऊपरी के लिए वह बड़ा सजग रहता हे। काम उसका साधारण था। जमीन सम्बधी दिये गये उसके एप्लीकेशन की फोटो कापी चाहिए भी। पांच-सात महीना पहले दिया गया था एप्लीकेशन। पर अब तक कुछ भी कार्रवाई न होने से उसके साथी वकील ने कहा था-उस एप्लीकेशन की कापी दे दो, मैं तुम्हारा काम 'ऊपर' से करा दूंगा। उसने खुद अपने आवेदन की फोटो कापी रखी थी पर हाय रे दुर्भाग्य कि वही फोटो कापी, किराया का मकान बदलने से साफ-सफाई में कहीं और कागज-पत्तरों के साथ खो गई।

मधुकर को उस दिन की एक-एक बात याद है जब वह आफिस में बिहारी बाबू से मिला था। बाबू ने बड़े अपनेपन से मुस्करा कर कहा था-'कितने बजे?' बाबू ने सहजभाव से कहा था-यही कोई चार-साढ़े चार बजे।' वह पौने चार बजे ही पहूँच गया था पर बाबू तो बाबू है, वह आफिस में नहीं था। वह फिर केन्टीन और पान ठेले तक देख आया, नहीं दिखा। चपरासी ने कहा-अरे आप वर्मा बाबू को पूछते है, वो तो मस्त मौला है, घर चला गया होगा।' चपरासी ने ठीक कराया, वह छः बजे तक बैठा रहा फिर निराशा लेकर आ गया था।

दूसरे दिन बिहारीलाल ने उसे देखते ही कहा था 'ओह सारी! मुझे याद ही नहीं रहा। मेरा साला आया था तो उसके साथ घर चला गया। ऐसा कीजिए...उसने गंभीरता से सोचते हुए कहा-'आज तो मुझे साहब के साथ मीटिंग में जाना है कल सेकण्ड सटरडे है आप मनडे को आइये। अरे, आप तो फिकर में पड़ गये। पहली बार तहसील आफिस में आये हैं क्या?' उसे अब क्रोध आ रहा था। किसी तरह खुद को जब्त कर बेंच से उठा। बाहर निकला। किसी ने उसे नमस्कार कर हमदर्दी दिखाई-'अरे उस बाबू के चक्कर में आप कहॉ पड़ गये? वह बहुत चक्कर खिलाता है। आप समझे नहीं, मैं उसकी बाते सुन रहा था, और समझ रहा था। असल में वह आपका काम करने के लिए पांच सौ चाहता है पांच सौ।' उसने कहा था-'पर मैं उस ऊपरीलाल को पांच रूपया भी नहीं दूंगा।' हमदर्द ने हॅस कर कहा था-'फिर तो आपको ऐसे ही चक्कर पर चक्कर खाना पड़ेगा।'

और सचमुच आज यह सातवां चक्कर था। कारण मधुकर अपनी ईमानदारी में दृढ़ और वह बिहारीबाबू 'ऊपरी' का पक्का खिलाड़ी। पटरी बैठ ही नहीं रही थी। मधुकर सामने बड़ पेड़ के चबूतरे पर बैठ गया चुपचाप चिन्तित मुद्रा में। तभी उसे देख आ गया उसका बचपन का साथी नरोत्तम। दोनों में बातें शुरू हुई और फिर मधुकर ने अपनी परेशानी कथा उसे सुना डाली और अपनी राय दी-'बाबू बेईमान होता है।' नरोत्तम ने तुरन्त प्रतिवाद किया-'गलत...बिलकुल गलत, सभी बाबू बेईमान नही होते। मधु! यह याद रखों कीचड़ में कमल भी होता है। अब मैं क्या कहूँ, तुम उस ऊपरीलाल के पचड़े में पड़ गये। अगर मनबोधी बाबू का काम होता न तो फिर वह बड़ी सहजता से तुम्हारा काम निपटा देता।' मधुकर ने पूछा-ये मन बोधी बाबू कौन है क्या वो मेरा काम करा देगा। नरोत्तम ने कहा- 'मनबोधी, मतलब यार! ईमानदार! चलो मैं उससे मिलाता हूँ। शायद काम बन जाए।'

मनबोधी आराम से अंगड़ाई लेकर बोला-हॉ नरोत्तम! मैने मधु भैया की व्यथा - कथा बैसाखू चपरासी से सुनी है। तुम ठीक कहते हो अगर मेरी टेबिल पर इनका क्या किसी का भी काम होता तो मैं एक मिनट में कर देता पर वो बिहारी, वो तो साला है। उससे कुछ बोलना ही पाप है। 'मोबाइल की घन्टी बजने पर मनबोधी बाबू ने एकदम उठा कर कहा - हां सर! बस आया सर!' फिर मधुकर की ओर देखते हुए बोला - माफ करना भैया! साहब बुला रहे है। नरोत्तम ने कहा - मै भी चलता हूँ मुझ को आपरेटिव बैंक जाना है। तुम चलोगे'

मधुकर ने सूखी हंस्ती कर कहा 'नही मुझे घर जाना है गेट पर किसी ने आवाज दी मधु भैया!' मधु ने देखा उसे खुशी हुई बोल उठा-अरे सदानंद! तुम यहाँ, कैसे? सदानंद ने मधुकर के कंधे पर हाथ रख कर कहा 'क्या बताऊॅ मधु! सरकारी आफिस में सरकारी बाबू के चक्कर लगा रहा हूॅ। पता नहीं कितने चक्कर और लगाना है?

मधुकर ने सहानुभूति दिखाई, वो तुम्हारा सरकारी बाबू कौन है? सदानंद ने परेशानी से कहा-मन बोधी राम बाबू! बाबू चौंक कर बोल उठा मधुकर-'मनबोधी? अरे वो तो अभी-अभी यही था। वो तो कह रहा था उसके हाथ में जिसका जो भी काम होता है, वह बड़ी सहजता - सरलता से कर देता है।

कड़वी हंसी हंस कर बोला सदानंद उई! कहने के लिए सब ऐसेई कहते है भाई! जब उनसे काम पड़ता है तब असलियत का पता चलता है!

मधुकर ने जिज्ञासा की - कहने के लिए कहते है

मैं कुछ समझा नहीं क्या मतलब?' सदानन्द ने समस्या - मतलब कुछ नहीं बस यही कि दिखावे का कहना।'



## राशिफल

**मेष**
आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है , उन्हें काम से जुड़ी कोई बड़ी खुशखबरी मिलेगी। आज गुस्से की बजाए शांति से समस्या सुलझाएं, क्योंकि घर की व्यवस्था उचित बनाए रखने में आपसी सामंजस्य होना बहुत जरूरी है।

**वृषभ**
आज आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। आज परिवार में हर्षोल्लास का माहौल बना रहेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में आपसी सामंजस्य बना रहने से खुशियाँ बढ़ेगी। आज परिवार के लोगों का साथ मिलेगा, जिससे समस्या का समाधान भी मिल जाएगा। आज सेहत के लिहाज से आप चुस्त-दुरूस्त रहेंगे।

**मिथुन**
आज का आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज काम व पारिवारिक रिश्तों के बीच समंजास्य बनाये रखेंगे। आज किसी काम को पूरा करने के लिए नये तरीकों पर विचार करेंगे। आज व्यवसायिक गतिविधियों में समय अनुसार परिवर्तन करने की जरूरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी।

**कर्क**
आज का दिन बढ़िया रहने वाला है। आज व्यापार में रुकी हुई योजनाओं को शुरू करने से आपकी व्यस्तता बढ़ी रहेगी। आज लवमेट लॉन्ग ड्राइव पर जाएंगे तो एक-दूसरे को और अधिक जानने का मौका मिलेगा। आज ऑफिशियल यात्रा करना आपकी तरक्की में सहायक होगा।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपकी बेहतरीन कार्य प्रणाली के अनुकूल परिणाम सामने आएंगे। निश्चित ही सफलता मिलेगी। पार्टनरशिप संबंधी कोई प्रपोजल भी आ सकता है। लवमेट के साथ रिश्तों में सुधार आयेगा। आज आपको अपने कार्यों में राजनीतिक रिश्ते का फायदा मिलेगा।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा, जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा। स्वास्थ्य संबंधी चल रही समस्याओं से कुछ राहत मिलेगी और आप खुद को ऊर्जावान और सकारात्मक महसूस करेंगे।

**तुला**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे,वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। कोई व्यक्ति आज आपको बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृश्चिक**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आप किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से पार्टनरशीप करने पर विचार करेंगे। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**धनु**
आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है।आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित कोई खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। रिश्तो की गरिमा बनाकर रखने से परिवार में भी सुख शांति बनी रहेगी।

**मकर**
आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान-प्रदान करना संबंधों में मधुरता लाएगा। मानसिक सुकून और शांति की चाह में एकांत स्थल पर कुछ समय अवश्य बिताएं। आपको सावधानी बरतने की जरुरत है।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। आज आप भविष्य को लेकर सजग रहेंगे। आज ऑफिस में ज्यादा कार्यभार रहेगा।

**मीन**
आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार में सामान्य रूप से बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरुरत है।

# थाना चिल्हाटी में 3 मवेशी तस्करों से पिकअप वाहन में 6 नग मवेशी बरामद



अम्बागढ़ चौकी (दावा)। पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला मोहला मानपुर अं.चौकी यशपाल सिंह (भापुसे.) के निर्देशन में व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला मोहला मानपुर अं.चौकी मंयक गुर्जर (भा.पु.से.) एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय जिला मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी पीताम्बर पटेल व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी महोदय अं.चौकी अर्जुन कुमार कुर्रे के मार्गदर्शन में सायबर सेल, थाना प्रभारी रविशंकर डहरिया और चौकी प्रभारी पाटनखास सुरेंद्र यादव के नेतृत्व में दिनांक 29 सितंबर 2024 को जरिये मुखबीर से मवेशी तस्करों द्वारा अवैध रूप से मवेशी तस्करी की सूचना मिलने पर थाना चिल्हाटी के द्वारा 01 पिकअप वाहन में 03 आरोपियों से 06 नग मवेशी भैंस/भैंसा तथा चौकी पाटनखास के द्वारा 03 नग पिकअप वाहन में 06 आरोपियों से 10 नग मवेशी भैंस/भैंसा को तस्करी करते हुए पाए जाने पर उक्त आरोपियों से मवेशी को परिवहन करने में प्रयुक्त 04 नग पिकअप वाहन और कुल 16 नग मवेशी भैंस/भैंसा जुमला कीमती 13,37,100 रुपए जप्त कर सभी आरोपियों के खिलाफ थाना चिल्हाटी और चौकी पाटनखास में क्रमशः अपराध क्रमांक 80/2024 धारा धारा 4, 6,10, छग0पशु परिरक्षण अधि. 2004, धारा 11 घ पशु करुरता अधिनियम 1960 मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 और अपराध क्रमांक 208/2024 धारा धारा 4, 6,10, छग.पशु परिरक्षण अधि. 2004, धारा 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम 1960 मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 कायम कर विवेचना में लिया गया।

**0 थाना चिल्हाटी और चौकी पाटनखास में कुल 4 पिकअप वाहन में 9 मवेशी तस्कर आरोपियों से कुल 16 मवेशी कुल कीमती 13,37,000 रु. जप्त**

चौकी पाटनखास में विनोद पिता- आनंद राम नहाते उम्र- 32 वर्ष साकिन ग्राम पिन पड़गांव थाना ब्रह्मपुरी जिला चंद्रपुर (महाराष्ट्र), यशवाल पिता सहदेव साहू उम्र 43 साल साकिन- दनगढ़ थाना अं.चौकी, कुशल कुमार पिता यशवंत लाल उम्र 25 साल निवासी दनगढ़, सुभाष पिता भिवाजी खरकोट उम्र 25 वर्ष निवासी रान बेसली थाना ब्रह्मपुरी जिला चन्द्रपुर (महाराष्ट्र), दादा जी पिता- गोविन्दा राऊत उम्र 37 वर्ष साकिन ग्राम रानबोधली थाना ब्रह्मपुरी जिला चन्द्रपुर (महाराष्ट्र), रजेन्द्र कुमार पिता पुनीतराम यादव उम्र 25 साल साकिन ग्राम दनगढ़ को गिरफ्तार किया गया।

थाना चिल्हाटी में महेश पिता मेघनाथ बावनखडे उम्र 35 साल मेघनाथ बावनथडे पिता सुंदर बावनथडे उम्र 59 साल दोनों निवासी करमरी थाना पाटनखास, निकेश पिता रामदास मेश्राम उम्र 30 साल निवासी खरखड़ा को गिरफ्तार किया गया।

आरोपी से पिकअप वाहन क्र. एमएच 33 टी 1984, 6 नग मवेशी भैंसा/भैंसी को जप्त किया गया। थाना क्षेत्र में अवैध मवेशी तस्करों पर पूर्व से लगातार कार्यवाही किया हुआ है आगे भी अभियान जारी रहेगा।

# संतजन सदगुरु कबीर के बताएं मार्ग एवं सच्ची भक्ति से ही मन को सुख मिलता है - नूतन दास साहेब



टेड़ेसरा (दावा)। परिक्षेत्रीय कबीरपंथी समाज के तत्वाधान में एक दिवसीय सत्संग समारोह का आयोजन ग्राम झोला में किया गया। यह सत्संग समारोह सदगुरु कबीर धनी धर्मदास वंशावली मिशन के अंतर्गत गांव-गांव में सद्गुरु के प्रचार-प्रसार लगातार कबीर पंथीयों के द्वारा किया जा रहा है। समारोह हमें सदगुरु कबीर धनी धर्मदास सेवा आश्रम टेड़ेसरा महंत मेला दास साहेब एवं डोंगरगांव से नूतन दास साहेब इस कार्यक्रम में शामिल थे। सद्गुरु के वचनों को बारी-बारी प्रवचन के माध्यम से संत जनों को बताया गया।

सच्ची भक्ति और श्रद्धा से ही ईश्वर की प्राप्ति होती है। सदगुरु कबीर साहब कहते हैं की मोंको कहां ढूंढो रे बंदे, मैं तो तेरे पास में, न काशी ना कैलाश में। साहेब कह रहे हैं। कि मैं तो हर मनुष्य, जीव -जंतु के हृदय मंदिर में विराजमान हूं मुझे कहानी ढूंढने की जरूरत नहीं है। सदगुरु कबीर के वाणी वचनों को जन-जन तक पहुंचाना यह कबीर पंथीयों का लक्ष्य है। यह साहब का कार्यक्रम लगातार क्षेत्र में सत्संग एवं सत्य नाम धुन के माध्यम से लगातार प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस एक दिवसीय आयोजन में नवागांव के आमीन माता महिला मंडल के द्वारा भजन कीर्तन किया गया। इस आयोजन में परीक्षेत्रीय कबीर समाज के बड़ी संख्यां में उपस्थित थे। जिसमें अध्यक्ष उत्तम साहेब, महेश साहेब, प्रकाश साहेब, ललित साहेब, सोमदास साहेब, अंगद दास साहेब एवं परीक्षेत्रीय कबीरपंथी समाज के मीडिया प्रभारी लूमन दास साहू ने यह जानकारी दीया।

## पहला कॉलम...

### कल सत्याग्रह पदयात्रा

गंडई पंडरिया (दावा)। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा प्रदेश में कार्यरत शिक्षकों के बड़े संगठन शिक्षकों की मांगों पर एक जुटता से लड़ने के लिए शिक्षक संघर्ष मोर्चा का गठन कर एक बैनर में आंदोलन के प्रथम चरण में पूरे प्रदेश में 2 अक्टूबर को 'पूर्व सेवा अवधि की गणना मिशन' मोदी की गारंटी 'समयानुसार केंद्र के समान देय महंगाई भत्ते' तथा शासकीय शिक्षकों की भांति 10, 20, 30, 40 वर्ष पूर्ण करने वाले शिक्षकों को 4 स्तरीय क्रमोन्नत वेतन, सहायक शिक्षकों का वेतन विसंगति दूर करने/पूर्ण पेंशन निर्धारित करने थम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि की गणना कर पेंशन प्रदान किए जाने की मांग को लेकर सत्याग्रह पदयात्रा निकला जायेगा। आंदोलन की द्वितीय चरण 14 अक्टूबर को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। समस्त शिक्षक साथियों से आंदोलन को सफल बनाने का आव्हान किया। उक्त जानकारी टीचर्स एसो. के जिला अध्यक्ष संजय सिंह राजपूत, सचिव दिलेश्वर देवांगन कोषाध्यक्ष अनिल गंगे ने दी।

### प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को आत्मसात किया भाजपा कार्यकर्ताओं ने

डोंगरगढ़(दावा)। शहर के वार्ड क्रमांक 20 के बुथ क्रमांक 151



में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम रजा नगर मैं बूथ प्रभारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दुर्गेश साहू की उपस्थिति में बूथ के बीएलओ कमलेश साहू, शंकर ध्रुव, श्रीमती भानमति साहू वार्ड के पार्षद हरीश मोटघरे सहित अन्य वार्डवासी उपस्थित थे।

### नदीम मेमन के नेतृत्व में गुरु बालक दास की जन्म जयंती पर प्रसादी वितरण

खैरागढ़ (दावा)। शूरवीर राजा गुरु बालक दास की जन्म जयंती




के अवसर पर युवा कांग्रेस नेता व विधायक प्रतिनिधि नदीम मेमन के नेतृत्व मे खैरागढ़ के जयस्तंभ चौक मे प्रसादी वितरण किया गया व सतनामी समाज के सभी भाई बहनों को बधाई दी। इस शुभ अवसर पर नदीम मेमन, दीपक देवांगन, विधायक प्रतिनिधि यतेन्द्रजीत सिंह, राजा सोलंकी, सूर्यकांत यादव, सूरज देवांगन, विश्वजीत सिंह, आशीष बघेल, भूपेंद्र वर्मा, उमेश साहू, सूरज महिलांगे, पूनम राजपूत, सुहैल खान रानू आदि उपस्थित रहे।

### पुराना बस स्टैंड स्थित प्राचीन काली मंदिर में भी होगी ज्योति कलशों की स्थापना

**मंदिर समिति के तत्वाधान में होगा क्वार नवरात्रि पर्व का आयोजन**

डोंगरगढ़(दावा)। स्थानीय पुराना बस स्टैंड के पीछे स्थित प्राचीन



काली मंदिर में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा समिति के अध्यक्ष आरन सिंह ठाकुर ने बताया कि, नवरात्रि का पावन पर्व आगामी 3 अक्टूबर गुरुवार से प्रारंभ हो रहा है। इस पावन अवसर पर भक्तजनों की मनोकामना के लिए मनोकामना पूर्ति ज्योति कलशों की स्थापना की जाएगी।

इस वर्ष ज्योति कलशों की स्थापना 3 अक्टूबर एकम को होगी। पंचमी का अभिषेक 7 अक्टूबर सोमवार को तथा अष्टमी हवन पूजा 11 अक्टूबर शुक्रवार को होगी। 12 अक्टूबर शनिवार को ज्योति विसर्जन का कार्यक्रम रात्रि में संपन्न होगा। श्री ठाकुर ने बताया कि मां काली के मंदिर में मनोकामना ज्योति कलशों की स्थापना के लिए 1100 रूपये शुल्क रखा गया है कोई भी भक्त अपने या अपने परिजनों के नाम से ज्योति कलश स्थापित करा सकता है। उन्होंने माता के श्रद्धालुओं से श्रद्धा एवं भक्ति के इस पर्व का आध्यात्मिक लाभ उठाने की अपील की है।

### बेटी के जन्मदिन पर बच्चों को खिलाया खीर

डोंगरगढ़(दावा)। प्राथमिक शाला भरूहाटोला में श्रीमती संगीता



मंडावी ने बेटी हेमा मंडावी के जन्म दिन के अवसर पर न्योताभोज का आयोजन किया। बच्चों को न्योता भोज में खीर, पुड़ी खिलाया गया। इस अवसर पर प्रधान पाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी, बिन्दा मंडावी सहित बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मोहड़ बूथ में प्रधानमंत्री के मन की बात को सुना



डोंगरगांव (दावा)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बेहद लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण रविवार को हुआ। विधानसभा क्षेत्र के अधीन आने बूथ क्रमांक 213 मोहड़ में जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गाँधी ने ग्रामीणों के साथ बैठकर कार्यक्रम का श्रवण किया।

श्री गाँधी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की बाते और विचार आगे बढ़ने की प्रेरणा देने साथ कुछ नया करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस मौके पर भूषण देवांगन, कुमेश देवांगन, भीखम देवांगन, देवेन्द्र देवांगन, गौरव यदु, भागवत सहारे, जगेश्वर गोड, दयाल देवांगन, अरुण साहु आदि बड़ी संख्या मे मौजूद थे।

# धूमधाम से मनाई जाएगी महाराजा श्री अग्रसेन की जयंती

डोंगरगढ़ (दावा)। मां बमलेश्वरी देवी की नगरी डोंगरगढ़ धाम में अग्र वंश के संस्थापक परम वंदनीय सत्य अहिंसा एवं समाजवाद के प्रणेता अग्र कुल अधिष्ठाता अग्रोहा नरेश अग्रवाल के संस्थापक श्रद्धेय कुलपिता भगवान श्री अग्रसेन जी की जयंती अश्विनी शुक्ल एकम 3 अक्टूबर गुरुवार को धूमधाम से मनाई जाएगी।जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ 29 सितंबर रविवार को शाम 4 बजे स्थानीय मारवाड़ी धर्मशाला में ध्वजारोहण एवं दीप प्रजवलन कर किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य अजय अग्रवाल लाल बहादुर नगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीए मयूर भूतिया ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में व्यवसायी अनुराग अग्रवाल गोंदिया वाले उपस्थित थे।

समाज के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश अग्रवाल खन्ना ने बताया की 5 दिनों तक चलने वाले इस जयंती कार्यक्रम में प्रथम दिन रविवार को अग्रवाल मेला रखा गया है। इसके अलावा लूडो किंग मोबाइल, हस्ताक्षर प्रतियोगिता व तोल-मोल के बोल भी होंगे। 30 सितंबर सोमवार को कपल शो होगा। 1 अक्टूबर मंगलवार को फैशन शो तथा 2 अक्टूबर बुधवार को ड्राइंग टाइम व सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसी प्रकार महिलाओं की प्रतियोगिता में 29 सितंबर रविवार को बच्चों के गेम म्यूजिकल चेयर व अग्रवाल मेला का आयोजन किया गया।



**0 अश्विनी शुक्ल एकं 3 अक्टूबर गुरुवार को होगा मुख्य कार्यक्रम**
**0 आज होंगे विविध कार्यक्रम**

### आज होंगे विविध कार्यक्रम

अग्रसेन जयंती के अवसर पर, 30 सितंबर रविवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ फैशन शो भी होगा। 1व 2 अक्टूबर मंगलवार को हाउजी एवं 3 अक्टूबर गुरुवार को साड़ी पैकिंग प्रतियोगिता होगी। इसी प्रकार बालिका मंडल के द्वारा 29 सितंबर को अग्रवाल मेला के साथ-साथ 30 सितंबर को फैंसी ड्रेस डांस प्रतियोगिता, 1 अक्टूबर मंगलवार को 1 मिनट गेम तंबोला, 2 अक्टूबर बुधवार को हाउजी होगी। मुख्य कार्यक्रम 3 अक्टूबर गुरुवार को होंगे जिसमें शाम 4 बजे से शोभायात्रा निकाली जाएगी महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा मारवाड़ी धर्मशाला से प्रारंभ होकर टॉकीज चौक स्टेट बैंक रोड भंडारी चाल गोल बाजार अग्रसेन भवन जयस्तंभ चौक अग्रसेन चौक होती हुई मारवाड़ी धर्मशाला में जाकर समाप्त होगी। मुख्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी पूनम चंद्र अग्रवाल होंगे अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार व स्काउट गाइड के स्टेट कमिश्नर गोपाल खेमुका करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी राजेश भूतिया मंचस्थ होंगे। अतिथियों के उद्बोधन व पुरस्कार वितरण के पश्चात अनुकूट प्रसादी का कार्यक्रम भी मारवाड़ी धर्मशाला में होगा। स्वागताध्यक्ष प्रकाश बिंदल ने समाज के सभी वरिष्ठ जनों से कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेकर जयंती समारोह को सफल बनाने की अपील की है। कार्यक्रम की तैयारी में अग्रवाल सभा के साथ-साथ अग्रवाल महिला मंडल छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन एवं अग्रवाल युवा मंच छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल महिला संगठन अग्रवाल नवयुवक मंडल अग्रवाल बालिका मंडल के पदाधिकारी भी जुटे हुए हैं। समाज के अध्यक्ष विजय बिंदल ने सभी अग्र बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

# स्थानीय प्रशासन, नागरिकों एवं जवानों में मिलकर चलाया स्वच्छता अभियान

डोंगरगढ़(दावा)। भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार 14 सितम्बर से 02 अक्टुबर तक आयोजित किये जा रहे स्वच्छ भारत अभियान में स्वच्छता की भागीदारी स्वच्छता ही सेवा थीम के तहत् भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल के जवानों ने स्थानीय प्रशासन एवं नागरिकों के साथ मिलकर स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्थानीय विद्यालयों, महाविद्यालयों के विद्यार्थियों एवं विभिन्नों संगठनों द्वारा स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया।

स्वच्छ भारत अभियान में स्वच्छता के प्रति स्थानीय लोगों को जागरूक कर स्वच्छता की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस अभियान को दिनांक-14 सितंबर से अनन्त नारायण दत्ता, कमाण्डेंट, 40वीं वाहिनी भा.ति.सी.पु. बल के कुशल निर्देशन एवं संतोष कुमार सिंह, सहायक कमाण्डेंट के नेतृत्व में आईटीबीपी 40वीं वाहिनी के जवानों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर



साफ-सफाई कर स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इसी अभियान के क्रम में आज मूँछ वाले महावीर मंदिर के तालाब किनारे पर श्रमदान किया तथा भारी मात्रा में कचरा एकत्रित कर नगरपालिका वाहनों के माध्यम से हटाया गया। इस अभियान में स्थानीय प्रशासन, जननायक, विद्यार्थियों, आईटीबीपी के जवानों, समाज सवेक संगठनों, नगरपालिका कर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों ने स्वच्छता के प्रति रूचि दिखाते हुए महावीर तालाब पर श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया।

### स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति

संजय कुमार, उप प्राचार्य एवं अनिल कुमार पाल, खेल शिक्षक, जवाहर नवोदय विद्यालय, डोंगरगढ़ के नेतृत्व में विद्यार्थियों द्वारा स्वच्छता के प्रति जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर स्थानीय जनता से आस-पास की स्वच्छता बनाये रखने हेतु अपील की। साथ ही श्री मूँछ वाले महावीर मंदिर के पास स्थित दुकानदारों एवं दर्शनार्थियों से तालाब के आस-पास स्वच्छता बनाये रखने हेतु प्रेरित किया। इस दौरान पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मनोज मार्कम, एस.डी.एम., डोंगरगढ़, सत्यपाल यादव, नायब तहसीलदार, चद्रकांत शर्मा, सी.एम.ओ. शहर मंडल अध्यक्ष अमित जैन, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका अमित छाबड़ा, कांग्रेस नेता अनिल मेश्राम, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, स्वामी आत्मानंद विद्यालय, पर्यटन विभाग के विभागीय अधिकारी व कर्मचारीगण, विश्व हिन्दु परिषद के बजरंग दल, श्री रघुनन्द भक्त युवा समिति, डॉ. अम्बेड़कर ऑपन रैजर टीम, सरोजनी ऑपन रेंजर टीम, नगरपालिका कर्मियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

# सेवानिवृत्त हुए प्रमुख स्टेशन मास्टर, विभिन्न विभागों द्वारा दी गई विदाई

डोंगरगढ़(दावा)। सेवानिवृत होने पर प्रमुख स्टेशन मास्टर ए.के.मंडल के विदाई समारोह में रेलवे के अलग-अलग विभागों के द्वारा श्री मंडल का विदाई समारोह आयोजित किया गया। सेवानिवृत्त के एक दिन पूर्व ही विदाई समारोह का आयोजन सर्वप्रथम ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर एसोसिएशन के द्वारा आयोजित किया गया।



इस आयोजन में पर रेलवे के चीफ डीटीआई राजेश गिरी, डीटीआई हरिहर राणा, चीफ आईओ डब्लू मनीष कुमार, ऑल इंडिया स्टेशन एसोसिएशन से मास्टर नितिन, गुरुचरण शेट्टी, राजेश कुमार, जे राजेश्वर राव, संजय कुमार, राम कुमार, नवीन कुमार द्वारा दी गई।

मुख्य आयोजन स्टेशन मास्टर कार्यालय में किया गया। जिसमे एआईजी ऑल इंडिया गार्ड एसोसिएशन से गार्ड मनोरंजन कुमार,केपी सिंह, दिलीप कुमार, राजेश कुमार, रिकी चक्रवर्ती, आर के साहू, जयन्त इंदुरकर, विक्की कुमार, संजय चुटे, अशोक शेंडे, कमलेश यादव, हिमांशु, पवन कुमार, शिवम चौहान, मनीष कुमार, रामकेश मीना, श्याम साहू, देवेंद्र अंबादे, सुभाष कुमार, अभिनव, युगल किशोर, सान्तनु, अनिल कुमार, आर के चौहान, ओमवीर सिंह, सोमेश रेड्डी सहित बड़ी संख्या में रेलवे अधिकारी व कर्मचारियों ने बाजे गाजे के साथ श्री मंडल का विदाई समारोह मुख्य स्टेशन मास्टर के आफिस में आयोजित किया गया था। इसके पूर्व भी श्री मंडल को लोको पायलट स्टेशन व पोर्टर, एसएनटी विभाग सहित रेलवे के विभाग प्रमुख के द्वारा श्री मंडल का विदाई समारोह आयोजित कर खुशी खुशी विदाई देकर उनके जीवन के अगले पड़ाव को प्रारंभ करने को लेकर आशीष व शुभकामनाएं दी गई।

# राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता में दुर्ग विजेता एवं सरगुजा सेक्टर की टीम रही उपविजेता

डोंगरगढ़ (दावा)। दुर्ग सेक्टर की टीम ने सरगुजा की टीम को पेनाल्टी शुट आउट के माध्यम से 3-2 से हराकर राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता का विजेता का खिताब अपने नाम किया वही सरगुजा की टीम उपविजेता रही। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तरीय फुटबाल (पुरूष) प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय रेलवे फुटबाल मैदान डोंगरगढ़ में शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ द्वारा 28 सितंबर से 30 सितम्बर तक प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती के निर्देशन व क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल नंदेश्वर के मागदर्शन में आयोजित किया गया था। प्रतियोगिता का फायनल मैच 30 सितम्बर को दोपहर 3 बजे से शुरू हुआ। प्रतियोगिता के प्रथम सत्र के सेमीफायनल मैच में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तरूण हथेल व विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय विद्यालय के डोंगरगढ़ प्राचार्य, विभिन्न सेक्टरों से आए पर्यवेक्षक, क्रीड़ा अधिकारी सहित नगर के वरिष्ठ खिलाड़ी उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के समापन समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री भाजपा व पूर्व विधायक डोंगरगढ़ रामजी भारती उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रकाश चौरड़िया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सुनील जैन चीकू, समाजसेवी महेन्द्र भाई पटेल, नपा उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, जनपद सदस्य रवि अग्रवाल, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, जैन कुमार



मेश्राम, विनित यादव, श्याम तिवारी, अजय यादव, अविनाश टेम्भुरकर उपस्थित थे। समस्त अतिथियों का महाविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया एवं मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों को महाविद्यालय द्वारा स्मृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। सभी अतिथियों खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामना दी।

**लक्ष्य निर्धारित कर चौकन्ना रहने वाले की जीत सुनिश्चित होती है- रामजी भारती**

30 सितम्बर को आयोजित उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोतगिता का प्रथम सेमीफायनल मैच प्रातः 8 बजे से खेला दुर्ग एवं बिलासपुर सेक्टर के मध्य खेला गया जिसमें दुर्ग सेक्टर की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए 3-0 से मैच जीतकर फानयल में प्रवेश किया। इसी प्रकार द्वितीय सेमीफायनल मैच सरगुजा व बस्तर सेक्टर के मध्य खेला गया जिसमें सरगुजा सेक्टर की टीम ने 2-0 से मैच जीतकर फायनल में अपनी जगह बनाई।

प्रतियोगिता का फायनल मैच 30 सितम्बर को दोपहर 03 बजे दुर्ग सेक्टर एवं सरगुजा सेक्टर की टीम के मध्य खेला गया। पूरा मैच काफी रोमांचक रहा, जिसमें दोनो ही टीम ने निर्धारित समय पर लगातार गोल मारने हेतु काफी मेहनत की किन्तु अंत समय तक दोनो की टीमें गोल मारने में सफल नही हो पायी। निर्धारित समय समाप्त होने के पश्चात पेनाल्टी कीक के माध्यम से दोनो की टीमों ने निर्धारित प्रयास किया जिसमें दुर्ग सेक्टर की टीम ने 3-2 से मैच अपने नाम कर उक्त राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता का खिताब अपने नाम कर विजेता रही वही सरगुजा सेक्टर की टीम उपविजेता रही।

प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा प्रदेश महामंत्री व पूर्व विधायक रामजी भारती ने राज्य स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता के डोंगरगढ़ में आयोजन के लिए छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग सहित आयोजक महाविद्यालय के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई देते हुए विजेता दुर्ग सेक्टर टीम को जीत की बधाई दी। वही उपविजेता टीम को कडी मेहनत कर दोबारा प्रयास अगली प्रतियोगिता के लिए तैयार रहने की बात कही। श्री भारती ने कहा कि जीवन में हमें जीत के लिए लक्ष्य निर्धारित कर चौकन्ना रहना अति आवश्यक है अन्यथा हमारी जगह कोई और लेकर जीत हासिल करता है। प्रतियोगिता के अंत में अतिथियों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीम को विनर शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। साथ ही तीन दिवसीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट सहयोग प्रदान करने वाले खिलाडी व पर्यवेक्षकगणों को महाविद्यालय द्वारा रमृतिचिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती ई.व्ही. रेवती ने समस्त अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए उक्त प्रतियोगिता हेतु अपना बहुमूल्य समय निकालकर आयोजन को सफल बनाने के लिए तीनों दिवस के मुख्य अतिथि अध्यक्षता, विशिष्ट अतिथियों जनभागीदारी समिति सदस्यगणों, रेलवे के अधिकारी, चिकित्सा विभाग, शासकीय आईटीआई, मां बम्लेश्वरी मंदिर समिति एवं नगर के वरिष्ठ खिलाडियों एवं खेल प्रेमियों सहित महाविद्यालय के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया।

# युक्तियुक्तकरण कर नियमित वेतनमान दिए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव



**जिला प्रशासन की ओर से संघ के प्रतिनिधि मंडल से की गई विस्तृत चर्चा**

डोंगरगढ़(दावा)। छत्तीसगढ लघुवेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ जिला शाखा कांकेर ने युक्तियुक्तकरण कर नियमित वेतनमान दिए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव किया घेराव करने के पूर्व शहर में जंगी रैली निकाली गई रैली शहर भ्रमण करते हुए कलेक्ट्रेट गेट तक पहुंची कलेक्ट गेट में प्रशासन की ओर से ज्ञापन लेने अधिकारी मौजूद थे किंतु संघ प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन देने से मना कर दिया और अधिकारियों से निवेदन किया कि प्रतिनिधियों की कलेक्टर के अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग के बीच चर्चा कराई जाए।

ज्ञापन में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी स्वैच्छिक पूर्णकाली के मौखिक दर कलेक्टर दर प्रस्ताव पर कार्यरत कर्मचारी आदि कर्मचारियों को नियमित वेतनमान युक्तयुक्तिकारण दिए जाने की मांग रखी गई थी। ज्ञात हो कि आदिवासी विकास विभाग में आकस्मिक निधि में रिक्त पद के विरुद्ध कर्मचारी पूर्व से 15 से 20 सालों से कार्य कर रहे हैं इसी मांग को लेकर के प्रांत कार्यकारिणी के द्वारा सामान्य प्रशासन विभाग में ज्ञापन लगा करके सामान्य प्रशासन विभाग से चर्चा उपरांत सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश दिनांक अक्टूबर 2023 में राज्य शासन के समस्त जिला कलेक्टरों को चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की मांगों के संबंध में कर्मचारी संगठन से कलेक्टर चर्चा कर समस्याओं का निराकरण करेंगे।

इस आदेश के पश्चात कई बार सहायक आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी कांकेर से संघ प्रतिनिधि मंडल जिला कांकेर ने एवं प्रांतीय महामंत्री योगेश् चौरे के नेतृत्व में कई बार दोनों अधिकारियों से चर्चा की किंतु चर्चा सकारात्मक नहीं रही अंतत एक माह पूर्व सूचना प्रशासन को देकर 27 सितंबर को कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रदर्शन किया गया ।

संघ के प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन ने जिला कलेक्ट्रेट के सभा कक्ष एसडीएम के सभा कक्ष में संघ प्रतिनिधि मंडल के 12 सदस्य एवं प्रशासन की ओर से चार सदस्यों के बीच में एक घंटा की चर्चा कराई चर्चा में जिला शिक्षा सहायक संचालक आदिवासी विकास विभाग के सहायक संचालक एवं प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे अंततः चर्चा के दौरान दोनों संघ प्रतिनिधिमंडल और विभाग के बीच आम सहमति बनी है कि शिक्षा विभाग एवं आदिवासी विकास विभाग में कार्यरत दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का युक्तयुक्तिकरण करते हुए समायोजन की करने की फाइल कलेक्टर को एक सप्ताह में भेजी जाएगी कलेक्टर के पास जिस दिन फाइल भेजी जाएगी उस दिन कलेक्टर की अध्यक्षता में संघ प्रतिनिधिमंडल एवं सहायक आयुक्त तथा जिला शिक्षा अधिकारी के बीच मीटिंग आयोजित की जाएगी चर्चा के उपरांत दोनों पक्ष सहमत हुए जिन कर्मचारियों के पास नियुक्ति से संबंधित जो भी दस्तावेज हो एक प्रति अपने कार्यालय में तथा एक प्रति जिला शाखा कांकेर के पास अभिलंब जमा करें समय को देखते हुए ताकि कोई भी कर्मचारी छूट न पाए। प्रांतीय महामंत्री योगेश चौरे ने बताया कि, घेराव कार्यक्रम में देवल सिंह नेताम के नेतृत्व में सभी ब्लॉकों के अध्यक्ष एवं सैकड़ों की संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे। प्रदर्शन में शामिल एवं प्रदर्शन को प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सफल बनाने में सहयोग करने वाले सभी कर्मचारियों का आभार जताया गया।

# डॉ. मकसूद 'जिला अधिकारी-कर्मचारी मुस्लिम संगठन के प्रथम जिला अध्यक्ष बने



खैरागढ़ (दावा)। जिला मुख्यालय खैरागढ़ में अधिकारी-कर्मचारी मुस्लिम संगठन केसीजी जिला का विधिवत गठन किया गया। डॉ. मकसूद अहमद को सर्वसम्मति से संगठन का प्रथम जिला अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज केसीजी के अध्यक्ष सज्जाक खान, मुस्लिम जमात खैरागढ़ के उपाध्यक्ष और रिटा. बैंक अधिकारी जफर हुसैन, जमात के सचिव और अभियोजन अधिवक्ता अलताफ अली, रिटायर्ड पुलिस अधिकारी इसरार अहमद, गंडई से आये शिक्षक शेख कलीम और सिराज खान सहित जिले के सभी विभाग और जमात के मुस्लिम प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### "समाज को हितलाभ पहुँचाना, संगठन की प्राथमिकता- डॉ. मकसूद"

जिला अध्यक्ष के रूप में चयन होने के पर डॉ. मकसूद ने कहा कि समाज को शैक्षिक मार्गदर्शन, काउंसलिंग, समस्या-समाधान हेतु मार्गदर्शन शिविर और जागरूकता के माध्यम से वंचित लोगों तक न्यायोचित हितलाभ को पहुँचाना संगठन की प्राथमिकता होगी। उन्होंने सभी विभागों के मुस्लिम अधिकारी-कर्मचारियों और सेवाभावियों का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। आगे कहा कि संगठन के सहयोग और बेहतर संयोजन से समाज के वंचित, पिछड़े और पीड़ित व शोषित लोगों को आगे लाकर शिक्षा, मार्गदर्शन और जागरूकता से हितलाभ पहुँचाना संगठन के प्रमुख उद्देश्य है।

### "समाज का नाम हो, समाज का काम हो"-सज्जाक खान"

जिला अधिकारी-कर्मचारी मुस्लिम संगठन के विधिवत गठन के अवसर पर जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान ने संगठन के अध्यक्ष पद हेतु योग्यता, शिक्षा और प्रशासनिक क्षमता के आधार पर सगठन के अध्यक्ष पद के लिए डॉ. मकसूद के नाम का प्रस्ताव किया, जिसे उपस्थित सर्व अधिकारी कर्मचारी ने एक स्वर से समर्थन करते हुए पारित कर दिया। सज्जाक खान ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि संगठन के निर्माण से समाज का नाम हो, समाज का काम हो। इस संगठन में जिले के शासकीय, अर्द्धशासकीय, संविदा, दैनिक वेतनभोगी सहित निगम, मण्डल और आयोग से जुड़े अधिकारी कर्मचारी शामिल है।

खैरागढ़ में आयोजित बैठक में शिक्षा विभाग से राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका निगार अंजुम खान, प्राचार्य कय्यूम कुरैशी, राज्यपाल अलंकरण पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका नाजरीन नियाजी, रियाजुद्दीन कादरी, रशीदा सैय्यद, जबिना कुरैशी, अधिवक्ता साबिरा सरधारिया, नर्मदा से अधिवक्ता गजाला खान, वनरक्षक अशदअल हक, जहीन खान, समाज सेवी शमसुल होदा खान बाबा भाई, छुईखदान से अशरफ खान आदि ने बैठक को संबोधित करते हुए, संगठन को मजबूत करने हेतु अमूल्य सुझाव और विचार रखे। इसके अतिरिक्त अन्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मुस्लिम समाज खैरागढ़, अमलीडीह, पिपरिया, पांडादाह, छुईखदान, उदयपुर, नर्मदा, गंडई, लिमो, साल्हेवारा सहित जिले भर के वेतनभोगी और जमातियों ने बधाई दी है।

# गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता अलंकरण से दिनेश नामदेव सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़ के बैनर तले विगत दिनों बसना सरायपाली छत्तीसगढ़ में गणेश शंकर पत्रकारिता अलंकरण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन कृषि उपज मंत्री बसना में आयोजित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बसना संपत अग्रवाल एवं अध्यक्षता सेवकदास दीवान (अध्यक्ष, पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़) विशिष्ट अतिथिगणों में प्रवीण खरे (महासचिव, पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़), अजय अग्रवाल (अध्यक्ष, राईस मिल एसोसिएशन), संजय शर्मा (जिलाध्यक्ष भाजपा बसना), चंद्र कुमार पटेल (अध्यक्ष नगर पंचायत सरायपाली), रूखमणी पटेल (अध्यक्ष, जनपद पंचायत बसना), संत लखनमुनि साहेब (प्राचीन कबीर कुटी), ओमप्रकाश चौधरी (भाजपा नेता), डॉ. एम.के. अग्रवाल (संयोजक भाजपा, बसना)। गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकारिता अलंकरण सम्मान समारोह में राजनांदगांव जिले से तरूण पटेल, किरण रहेकवार, दुर्ग जिला से हनुमान नायक, संभाग प्रभारी दुर्ग व दुर्ग जिलाध्यक्ष पत्रकार कल्याण महासंघ, छत्तीसगढ़। प्रभा देशलहरे जिला उपाध्यक्ष पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़, गीतेश्वरी बघेल जिला महासचिव पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़, पुरूषोत्तम सोनवानी जिला सचिव पत्रकार कल्याण महासंघ छत्तीसगढ़, बलविंदर कौर जिला संयुक्त सचिव पत्रकार कल्याण महासंघ, नुरूल निशा जिला कोषाध्यक्ष पत्रकार कल्याण महासंघ दुर्ग आदि उपरोक्त जानकारी दिनेश नामदेव ने विज्ञप्ति में दी।

# ग्राम मार्री में महान्योता पूर्ण भोज



राजनांदगांव (दावा)। प्राथमिक शाला मार्री और कन्या आश्रम मार्री में संयुक्त रूप से स्वर्गीय परसराम कोलियारे (प्रधान पाठक चिलाडबरी) की स्मृति मे उनकी धर्मपत्नी कौशिल्या बाई कोलियारे (शाला प्रबंधन समिति सदस्य प्रा.शा. मार्री) और ग्राम मार्री के वरिष्ठ ग्रामवासी जिवराखन कोलियारे दवारा महान्योता पूर्ण भोजन मे खीर, पुढ़ी, सलाद और भोजन बच्चों को सप्रेमपुर्वक परोसा गया तथा आगे भी इसी प्रकार का आयोजन और कराने का किशन श्यामकुंवर प्रधानपाठक मार्री को विश्वास दिलाया। प्रधान पाठक दवारा हृदय से आभार वयक्त किया।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रैखचंद कोलियारे, उपाध्यक्षिका श्रीमती नारायणी साहु ने अपनी शाला की सदस्या श्रीमति कौशिल्या कोलियारे को बहुत बहुत बधाई देते हुए प्राथमिक शाला मार्री को दान और सहयोग करने के लिए धन्यवाद दिया है। इस अवसर पर कन्या आश्रम प्रधानपाठक मनीराम पटेल, संकुल समन्वयक संकुल मार्री कोमा सर शिक्षक मुकेश कोमरे स्वीपर त्रिभुवन साहु, रसोइया आदी उपस्थित थे।

# कल रतनभाट में एक दिवसीय कबड्डी और चौसर स्पर्धा

डोंगरगांव (दावा)। ग्राम रतनभाट में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी एक दिवसीय कबड्डी और चौसर प्रतियोगिता का आयोजन 2 अक्टूबर को किया गया है। इस स्पर्धा में बेस्ट रेडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट ऑलराउंडर तथा बेस्ट दर्शक हेतु भी पुरस्कार की व्यवस्था की गई है। आयोजक समिति टाइगर क्लब एवं समस्त ग्रामवासियों ने अधिक से अधिक खिलाड़ियों को हिस्सा लेने की अपील की है।

## न्योता भोज में परोसा गया गुलाब जामुन



राजनांदगांव (दावा)। विकासखंड के ग्राम-बुचीभरदा के शासकीय प्राथमिक शाला एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के बच्चों को श्रीमती कुसुमलता धर्मेन्द्र कुमार साहू द्वारा अपने पिता स्व. चुरामन साहू की स्मृति में न्योता भोज कराया गया। प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत चांवल, दाल, सब्जी के अतिरिक्त मिठाई के रूप में 'गुलाब जामुन' परोसा गया। उक्त न्योता भोज में प्रधान पाठक प्राथमिक राकेश सोनी, प्रधान पाठक माध्यमिक चांताराम साहू, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष द्वय अनुरुद्ध कौशिक, उत्तम सिंह कलिहारी, वरिष्ठ नागरिक मिलन सिंह साहू, चुनूराम साहू, रूपेन्द्र साहू, के.डी.साहू, शिक्षकगण विनोद चंद्राकर, रितुराज चतुर्वेदी सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने कुपोषण मुक्ति के लिए टीकाकरण पर लोगों को जागरूक किया




मोहला (दावा)। ग्रामीणजनों की मांगों, शिकायतों और समस्याओं को सुनने के उद्देश्य से जिले के मोहला विकासखंड के ग्राम पंचायत भोजटोला में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिले के सभी विभाग के द्वारा स्टॉल के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं को सुना गया। साथ ही शिविर स्थल पर ही विभागीय योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया। शिविर में मांगो, शिकायत और समस्याओं से संबंधित कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए, आवेदनों के निराकरण के लिए समय सीमा निर्धारित करने के साथ ही संबंधित विभाग को आवेदन प्रेषित करने की कार्यवाही किया गया। शिविर में कलेक्टर एस जयवर्धन, अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, जिला परियोजना निदेशक हेमंत ठाकुर, एसडीएम मोहला डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य, सीईओ जनपद पंचायत मोहला श्रीमती केशवरी देवांगन सहित सभी विभागों के जिला व विकासखण्ड स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

शिविर में जनपद पंचायत मोहला के अध्यक्ष लगनूराम चन्द्रवंशी, भोजटोला सरपंच संतराम हिड़ामें, ग्राम पंचायत मार्री सरपंच श्रीमती गैंदकुवर ठाकुर, ग्राम पंचायत पाटन सरपंच श्रीमती इंदिया बाई कोमरे, अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। शिविर को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत मोहला के अध्यक्ष लगनू राम चन्द्रवंशी ने कहा कि शिविर में जिला प्रशासन के अधिकारीगण आपकी समस्या को सुनने के लिए उपस्थित हुए है। अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण जन विभागीय स्टाल में पहुंचकर योजनाओं की जानकारी ले सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से कहा कि इस शिविर के माध्यम से आप अपने समस्याओं का निराकरण करा सकते है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि शिविर में पहुंचकर नागरिकों की समस्याओं का निराकरण कर ग्रामीणों को लाभ पहुंचायें।

इस अवसर पर कलेक्टर एस जयवर्धन ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना और उसका निराकरण किया जाना है। उन्होंने कहा कि पंचायत स्तर पर ग्रामीणों को कई योजनाओं से लाभान्वित किया जाता है। ग्रामीणों की ऐसी कई समस्याएं एवं मांगे जिसे स्थानीय स्तर पर पूर्ति किया जाना संभावना नहीं होता है। ऐसी समस्याओं के निराकरण के लिए यह शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जानकारी के अभाव में ग्रामीण जन योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते है। शिविर में विभागीय अधिकारियों के द्वारा योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। ग्रामीण जन इसका अवश्य लाभ लेवें। उन्होंने कहा कि आज प्राप्त हुए सभी आवेदनों को निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ निराकरण किया जाएगा। कलेक्टर एस. जयवर्धन ने आगे कहा कि कई बार छोटी सी समस्या के चलते हम योजनाओं का लाभ नहीं ले पाते हैं। उन्होंने शिविर में महत्वपूर्ण बिंदुओं बैंक खाता, आधार नंबर, मोबाईल नंबर के बारे में उपस्थित सभी आम नागरिकों को जानकारी से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने आम नागरिकों से अपील किया की प्रत्येक नागरिक का बैंक खाता, आधार नंबर, मोबाईल नंबर, अपडेट होना एवं तीनों का लिंक एक-दुसरे के साथ जरूर होना चाहिए। इसी प्रकार अपने जरूरी महत्वपूर्ण दस्तावेजों में अपने नाम को एक जैसा रखें। अपने सभी दस्तावेजों का निरीक्षण कर किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर उसका समय से पूर्व निराकरण करें। ताकि आगामी शासन की कोई भी योजनाओं का लाभ लेने में आपको कोई असुविधा ना हो।

## ज्योतिष चमत्कार ( 30 सितम्बर 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 13 | 29 | 31 | 47 |
| मंगल | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 25 | 35 | 45 | 51 |
| बुध | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 37 | 43 | 53 | 69 |
| गुरू | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 41 | 57 | 67 | 79 |
| शुक्र | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 59 | 65 | 75 | 81 |
| शनि | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 63 | 73 | 85 | 97 |
| अंकों का बादशाह | 2 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 3 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 7 | 8 | 9 |
| स्पेशल | 49 | 71 | 87 | 95 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 62 | 70 | 82 | 92 |
| मंगल | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 78 | 84 | 96 | 08 |
| बुध | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 86 | 98 | 06 | 10 |
| गुरू | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 90 | 04 | 18 | 24 |
| शुक्र | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 02 | 14 | 26 | 30 |
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 7 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 5 | 6 |
| स्पेशल | 12 | 28 | 58 | 64 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | '70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | '79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | | राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 46 | 85 | 90 | 72 | 72 | 93 | 05 | 98 | 77 | 68 | 42 |
| 69 | 76 | 12 | 45 | 30 | 14 | 83 | 84 | 07 | 48 | 04 |
| 08 | 85 | 87 | 40 | 13 | 14 | 80 | 41 | 46 | 67 | 08 |
| 54 | 82 | 34 | 70 | 57 | 03 | 79 | 57 | 90 | 00 | 49 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -09
2024- 11-17-18-19-10-22-35-43-61-68-71-74-86-80-09

राजधानी नाईट 2023 -35-62
2024- 15-19-10-26-35-30-44-59-62-65--69-73-70-88-89-92-94

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## प्रथम पेज का शेष

***मुडा घोटाला मामले में सीएम ..***

राज्यपाल थावरचंद गहलोत की मंजूरी को बरकरार रखने के एक दिन बाद आया था। आरटीआइ कार्यकर्ता स्नेहमयी कृष्णा व अन्य ने इस मामले में शिकायत दी थी। आरोप है कि सिद्दरमैया की पत्नी बीएम पार्वती को मैसुरु के एक पाश इलाके में मुआवजे के रूप में जो 14 भूखंड आवंटित किए गए थे, उनकी कीमत मुडा द्वारा अधिग्रहीत की गई जमीन की तुलना में काफी अधिक थी।

आखिर क्या है मामला?- मुडा ने पार्वती की 3.16 एकड़ जमीन के बदले में उन्हें 50:50 के अनुपात से भूखंड आवंटित किए थे। आरोप है कि मैसुरु के कसाबा होबली के कसारे गांव में स्थित उस 3.16 एकड़ जमीन पर भी पार्वती का कोई कानूनी हक नहीं था, जिसकी एवज में प्लाट आवंटित हुए। उधर, सिद्दरमैया का कहना है कि वह कानूनी जंग लड़ेंगे और बेदाग निकलेंगे।

***छत्तीसगढ़ में चार प्रमुख राष्ट्रीय...***

उन्होंने यह भी कहा कि सड़क नेटवर्क के विस्तार से राज्य के ग्रामीण इलाकों की कनेक्टिविटी और बेहतर होगी, जिससे स्थानीय लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आयेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्वयं इन परियोजनाओं की प्रगति पर नजर रखेंगे और हर सप्ताह इसकी रिपोर्ट तलब करेंगे, ताकि काम में कोई देरी न हो। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार पूरी निष्ठा से इन परियोजनाओं को समय सीमा के भीतर पूरा करेगी, जिससे राज्य के नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मिल सकेंगी और विकास की गति तेज होगी।

***ऑल द बेस्ट : सुप्रीम कोर्ट ने छात्र को ...***

अतुल ने वेबसाइट पर जरूरी दस्तावेज अपलोड कर दिए, लेकिन जब तक वो फीस जमा करता अंतिम तारीख के 5 बज चुके थे। उसका आईआईटी में दाखिला लेने का सपना खत्म हो गया। वहीं अब इस मामले में अतुल और उसके पिता ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। अतुल ने अपनी बात मुख्य न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड़ के सामने रखी। सीजेआई चंद्रचूड़ की पीठ ने इस पर सुनवाई करते हुए ज्वाइंट सीट एलोकेशन अथॉरिटी, आईआईटी एडमिशन और आईआईटी मद्रास से जवाब मांगा था।

पिता कमाते हैं 450 रुपये दिहाड़ी - स्टूडेंट अतुल के वकील ने बताया कि उनके पिता 450 रुपये की दिहाड़ी कमाते हैं। ऐसे में 17,500 रुपये का बंदोबस्त करना उनके लिए बहुत बड़ा काम था। पिता ने यह रकम गांव वालों से जुटाई। आईआईटी धनबाद के वकील ने दावा किया कि राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) ने अतुल कुमार को एसएमएस भेजा और आईआईटी ने उन्हें दो व्हाट्सएप चैट के जरिए पेमेंट करने की जानकारी दी थी। वकील ने कहा, ÷वह हर दिन लॉगिन करता था।

***मतदान से पहले जेल से बाहर..***

पैरोल देने के संबंध में परामर्श के लिए आयोग को पत्र आया था। पत्र में लिखा था कि राम रहीम जेल से बाहर आने के बाद हरियाणा में नहीं आएगा। इसके अलावा वह चुनाव को किसी भी तरह प्रभावित नहीं करेगा और न कोई जनसभा या सोशल मीडिया पर अपील करेगा। इसके बाद चुनाव आयोग ने सरकार से पूछा था कि राम रहीम को पैरोल देने के लिए उक्त सभी शर्तों की जांच कर लें। इसकी पुष्टि कर लें कि इन शर्तों की पालना पूरी तरह से होगी। इसके बाद सरकार अपने स्तर पर राम रहीम के पैरोल देने या न देने पर फैसला ले सकती है।

***छत्तीसगढ़ में 15 नवंबर से धान ...***

केन्द्रीय पूल और छत्तीसगढ़ नागरिक आपूर्ति निगम में चावल जमा कराने तथा परिवहन के संबंध में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी धान खरीदी के साथ-साथ धान का उठाव किया जाएगा। 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से धान उठाव का निर्णय लिया गया है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में पिछले वर्ष समर्थन मूल्य पर रिकॉर्ड 144.92 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। वर्तमान में राज्य में 2058 सहकारी समितियां तथा 2739 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से आगामी खरीफ विपणन वर्ष में 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी का अनुमान लगाया गया है। धान खरीदी व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन के लिए कम्प्यूटर, इंटरनेट के साथ ही उपार्जन केन्द्र आने वाले किसानों के लिए बैठक व पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। बैठक में अपर मुख्य सचिव श्रीमती ऋचा शर्मा, कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती रेणु पिल्ले, वित्त सचिव मुकेश बंसल, सचिव राजस्व अविनाश चंपावत, उद्योग सचिव रजत कुमार, मार्कफेड के प्रबंध संचालक रमेश शर्मा और खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के प्रबंध संचालक, मण्डी बोर्ड के प्रबंध संचालक महेन्द्र सवन्नी सहित संबंधित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

***महाराष्ट्र सरकार का बड़ा फैसला ..***

इसकी पूजा की जाती है। गोमूत्र और गोबर को पवित्र माना जाता है, और विभिन्न धार्मिक कार्यों में इनका उपयोग होता है। गाय का दूध न केवल शारीरिक रूप से लाभकारी होता है, बल्कि इसे आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। सरकार के फैसले की सराहना - महाराष्ट्र सरकार का यह निर्णय राज्य के कई धार्मिक और सामाजिक संगठनों द्वारा सराहा गया है। गौमाता को राज्य माता का दर्जा देने का यह फैसला न केवल सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि समाज में गौमाता के प्रति सम्मान बढ़ाने का भी प्रयास है।

# प्रेरणादायक संस्मरणों को अनुकरणीय बनाने हेतु मन की बात सुननी चाहिए - डॉ. रमन सिंह




राजनांदगांव (दावा)। क्षेत्रीय विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज देश की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात एवं सदस्यता अभियान के आगाज हेतु सिंधु भवन वार्ड नंबर 24 दक्षिण मंडल शक्ति केंद्र क्रमांक 1 के बूथ नंबर 111 पहुंचे। जहां पर भीड़ भरी सभा में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्व भर में लोग इसीलिए पसंद करते हैं कि वह सदैव ही दृढ़ इच्छा शक्ति से अपने लक्ष्य में लगे रहते हैं, डॉ रमन ने कहा कि आज भारत के लिए गर्व का विषय है कि किसी देश का प्रधानमंत्री इतने पवित्र मन और उच्च इच्छा शक्ति से देश की सेवा में लगा हुआ है। इसका जीता जागता उदाहरण मन की बात में आज मोदी द्वारा यह कहना कि सामूहिकता और निष्काम सेवा के साथ दूसरों के लिए सेवा के लक्ष्य को लेकर चलने वाले लोगों के उदाहरणों को जब मैं मन की बात में सुनाता हूं, तो मुझे ऐसा प्रतीत होता है जैसे मंदिर में मैं ईश्वर के दर्शन कर लिए। डॉ रमन सिंह ने कहा कि लाल किले के उच्च शिखर से शौचालय एवं स्वच्छता की बात करने वाले नरेंद्र मोदी को आज देश की नहीं वरन विश्व की जनता ने फिर आंखों पर बैठाया है। डॉ रमन सिंह ने बताया कि आज मोदी जी ने झांसी की महिलाओं का जल संरक्षण के विषय में संस्मरण सुनाया नारी शक्ति को मजबूत करते करने के लिए शारदा आजीविका समूह की बात की, और छतरपुर की हरी बगिया सहायता समूह की महिलाओं द्वारा पर्यावरण संरक्षण की भी प्रशंसा करते हुए लोगों को इससे सीख लेने की बात की।

डॉ रमन सिंह ने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे प्रसंग बताकर मोदी जी देश भर में प्रतिभाओं का प्रचार प्रसार इसलिए करते हैं कि उनसे लोग ज्ञान ग्रहण करें, इसलिए ऐसे दल के सदस्य होने के नाते डॉ रमन सिंह ने आव्हान किया कि हम भी देश की सेवा हेतु भाजपा से जुड़े और देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। डॉ रमन सिंह ने इस अवसर पर साथ नए सदस्यों को सदस्यता ग्रहण करवाई। कार्यक्रम का सफल संचालन अमर लालवानी एवं राजा माखीजा ने किया।

इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष मनुमल मोटलानी, ब्रह्मानंद बजाज, आवतराम तेजवानी, अर्जुन दास पंजवानी, रूपचंद भीमनानी ने डॉ रमन सिंह का स्वागत अभिनंदन भी किया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल, भाजपा द. मंडल अध्यक्ष तरुण लहरवानी, शक्ति केन्द्र प्रभारी गोलू सूर्यवंशी, संयोजक दुर्गेश यादव, सहसंयोजक कमलेश यादव, बूथ अध्यक्ष 111 अर्जुन वाधवानी, बूथ अध्यक्ष 112 हरीश मोटलानी, बूथ अध्यक्ष 113 अर्जुन गंगवानी, बूथ अध्यक्ष तोरण यादव पार्षद जया यादव, बूथ 110 बीएलओ सुनीता यादव, हकीम खान, अर्जुन वाधवानी, दौलत रामचंदानी, प्रकाश वाधवानी, विनोद लुल्ला सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कार्यकर्ता के घर भी गए डॉ रमन सिंह

इस अवसर पर डॉ रमन सिंह पूज्य पंचायत के अध्यक्ष मनुमल मोटलानी एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता चंदन रूचंदनी के घर गए और वहां पर सभी घर वालों को भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई।

### सिंधी समाज एवं सतनामी समाज में आभार भी जताया

आज सिंधु भवन में डॉ. रमन सिंह ने कार्यपालन अभियंता दीवान को हटाने की सिंधी समाज की मांग पर त्वरित कार्यवाही करते हुए फोन पर ही आदेश पारित करवाया और इसी तरह से सतनामी समाज के लोगों ने नंदई में मूर्ति स्थापना को लेकर डॉ रमन सिंह का आभार व्यक्त किया।

# भाजपा कर रही अन्याय अत्याचार, कांग्रेस कर रही न्याय यात्रा की बहार - शाहिद भाई

## छ.ग. न्याय यात्रा को मिल रहा व्यापक जनसमर्थन

**राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की अगुवाई में राज्य की भाजपा सरकार के अन्याय अत्याचार और बदहाल कानून व्यवस्था, महिलाओं की सुरक्षा को लेकर जो पदयात्रा प्रारंभ की गई है उसे व्यापक जन समर्थन मिलने का दावा करते हुए छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री पदयात्रा में शामिल हुए शाहिद भाई ने कहा कि 9 माह में छ.ग. की भाजपा सरकार निष्क्रीयता के चलते जिला कार्यालय जलने एवं पुलिस की बर्बरता उजागर हुई है।**



रेत माफिया, अपराधियो के हौसले बुलंद हैं पीएम आवास स्वीकृति होते ही सीमेंट की दरों में बढ़ोतरी, महतारी वंदन के नाम पर धोखा जैसे ज्वलंतशील मुद्दों के कारण भाजपा राज्य में अलोकप्रिय होने के साथ अन्याय अत्याचार कि प्रतीक बन चुकी है। जनता को राहत देने और भाजपाई अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा का आगाज किया गया है।

इस यात्रा में राजनांदगांव सांसदीय क्षेत्र के सभी विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, जनता यात्रा में शामिल होकर जन आवाज बन रहे है छ.ग. की पवित्र भूमि गिरोधपुरी धाम से यह यात्रा 27 सितम्बर से प्रारंभ होकर 2 अक्टूबर को राजधानी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आमसभा के साफ संपन्न होगा। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी जनता के दुख परेशानियों को देखते हुए न्याय पदयात्रा का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया और उस निर्णय में प्रदेश कांग्रेस के सभी शीर्ष नेता अपनी सहभागिता के साथ पदयात्रा में शामिल हो रहे हैं इससे वह दिन दूर नहीं जब राज्य की जनता के लिए कांग्रेस की न्याय पदयात्रा रूपी आंदोलन से सुख शांति एवं न्याय का मार्ग प्रशस्त होगा

# बाईक रैली एवं आनंद मेला से जयंती महोत्सव में अभूतपूर्व उत्साह



राजनांदगांव (दावा)। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत आज बाईक रैली निकाली गयी। अग्रवाल समाज के वरिश्ठ सदस्य विमल पोददार एवं श्रीमती आषा पोददार ने हरी झण्डी दिखाकर बाईक रैली को अग्रसेन भवन से रवाना किया। मिडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि शाम को अग्रसेन आनंद मेले का उद्घाटन श्रीमती निकिता अग्रवाल ध.प.संजय अग्रवाल, जिलाधीश एवं श्रीमती जागृति गर्ग ध.प.मोहित गर्ग, पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। सम्मानित अतिथियों का स्वागत अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शरद अग्रवाल सचिव आलोक बिंदल, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया एवं समाज के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। प्रतियोगिता 30 सितम्बर सोमवार को महिला मंडल द्वारा नमकीन व्यजंन बनाओ तथा हकुना मटाटा सीजन 04 का आयोजन किया जायेगा। अग्रवाल नवयुवक मंडल की प्रतियोगिता - मटका फोड़, म्युजिकल चेयर, पेयर रेस, बोरा दौड़ (सभी में किड्स जूनियर एवं सीनियर)। रिंग गेम में प्रथम - दिव्यांश राकेश लोहिया, द्वितीय- आरध्य सरावगी, ओम सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम - मानवी मुकेश अग्रवाल, द्वितीय- भूमि दिनेश जिंदल, वाल हैंगिंग सजाओ, प्रथम-कृशीव लोकेश अग्रवाल, द्वितीय- श्रृयश भावेश अग्रवाल।

# मोतीपुर में वार्डवासियों ने सुनी पीएम मोदी के मन की बात, ली भाजपा की सदस्यता

## मन की बात : 10 साल की दीर्घकालीन सफल यात्रा को पीएम मोदी ने देशवासियों को समर्पित किया - मधु



राजनांदगॉव (दावा)। शहर के वार्ड नं. 08, मोतीपुर शीतलापारा में आज पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम एवं भाजपा के सदस्यता अभियान का संयुक्त रूप से आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्थानीय नेता पूर्व सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहें और वार्डवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 114वें एपिसोड का लाईव प्रसारण देखा और सुना।

**पूर्व सांसद मधुसूदन ने मोहल्लेवासियों को दिलाई भाजपा की सदस्यता**

आयोजन में पूर्व सांसद के साथ स्थानीय नेतागण बूथ क्रमांक 32 अध्यक्ष लाला यादव, बूथ क्रमांक 33 अध्यक्ष दीपक साहू, राजेन्द्र (बन्टू) जैन, रिभय यादव, पार्षद कमलेश बंधे, धरम यादव, सुरेश सिन्हा, विक्की नेताम, रवि यादव, दिलीप देवांगन, मनोहर यादव, लखन यादव, रोहित यादव, अजय देवांगन, देवाशीष यादव, राहुल नेताम, रूखमणी ठाकुर, संगीता सिन्हा, मीना बाई यादव, सुनीता नेताम, गया बाई यादव, कमलाबाई यादव, दशमत यादव, एनकुमार साहू, रामनाथ रामटेके, जयकिशन वर्मा, बाबूलाल साहू, त्रिलोचन साहू, रत्ना शर्मा, पंचबाई, तामेश्वरी ढीमर, दसरी यादव, पंचोबाई, जागेश्वरी, रमा बाई, दसरीबाई वर्मा, अवतीबाई, निर्मलाबाई, बिन्दियाबाई जंघेल, रंभाई मेश्राम, दिशाबाई, उर्मिला ठाकुर नीलम, गोलू राजपूत, बबीता सक्सेना, सीताबाई मेश्राम एवं अन्य वार्डवासीगण उपस्थित रहे। आयोजन के उपरान्त पूर्व सांसद ने मोहल्लेवासियों को भाजपा की सदस्यता दिलाई एवं सदस्यता प्रमाणपत्र बांटा। उन्होंने वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों से भेंटकर उनका कुशलक्षेम जाना और वार्डवासियों की समस्याओं का निराकरण भी किया।

पूर्व सांसद ने आज की मन की बात के एपिसोड के विषय में बताया कि 03 अक्टूबर 2014 को मन की बात का प्रथम एपिसोड प्रसारित हुआ था, जिसे आगामी 3 अक्टूबर 2024 को नवरात्रि के प्रारंभ के साथ 10 वर्ष पूर्ण हो जायेंगे। मन की बात की इस 10 साल की दीर्घकालीन सफल यात्रा को प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को समर्पित करते हुए कहा है कि मन की बात कार्यक्रम के श्रोता ही इसके असली सूत्रधार हैं, जिन्होंने अपने देशवासियों की सामूहिक उपलब्धि को मन की बात के माध्यम से देखा-सुना है, गर्व के साथ महसूस किया है और लोगों की सामूहिक सफलता का जश्न मनाया है।

# जिला दवा विक्रेता संघ के अतुल जैन अध्यक्ष, दशरथ शर्मा सचिव निर्वाचित



राजनांदगांव (दावा)। आज जिला दवा विक्रेता संघ का चुनाव संपन्न हुआ जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद प्रत्याशी अतुल जैन को 356, देवेंद्र टांक को 105 मत प्राप्त हुए है इसी प्रकार सचिव पद प्रत्याशी दशरथ शर्मा को 295, सौरभ अजमानी को 169, कोषाध्यक्ष पद प्रत्याशी अनिक खंडेलवाल को 359, धीरज कोटडिया को 108 प्राप्त हुए है। इस प्रकार से एकता पैनल की जीत में निर्वाचित हुए अध्यक्ष अतुल जैन, सचिव दशरथ शर्मा, कोषाध्यक्ष अनिक खंडेलवाल को सभी ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

# रेल गाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत

डोंगरगढ़(दावा)। रेलगाड़ी की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा डोंगरगढ़ के प्लेटफार्म नं 2 पर हुआ। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। जीआरपी डोंगरगढ़ ने मर्ग कायम कर लिया है। जांच की जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों से मिली जानकारी के अनुसार हादसा शुक्रवार की शाम प्लेटफार्म नं. 2 पर हुआ। बताया जाता है कि ट्रेन में चढ़ने का प्रयास कर रहे युवक का पांव फिसल गया, जिससे वह प्लेटफार्म से नीचे गिर गया।

# राजा देवव्रत सिंह की मूर्ति अनावरण को लेकर बैठक संपन्न



बुद्ध जीवियों से आये अनेक विचार, लिए अहम फैसले

खैरागढ़ (दावा)। रियासत के राजा स्व. देवव्रत सिंह की सिविल लाईन दुर्गा चौक में लगी प्रतिमा का अनावरण को लेकर जिला प्रशासन व नगर पालिका की उदासीनता को लेकर विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन के निवास में रखी गई बैठक। जिसमें स्व. राजा देवव्रत सिंह में समर्थकों सहित जिले के बुद्धजीवी लोग मौजूद थे। बैठक की शुरुवात राजा देवव्रत सिंह को नमन करते हुए किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कन्हैया सिंह बैस ने बैठक की शुरुवात की, तत्पश्चात मनराखन देवांगन ने जिला प्रशासन नगर पालिका के ऊपर नाराजगी जताते हुए कहा की, जिला प्रसाशन और भाजपा नही चाहती कि कांग्रेस शासन में स्वीकृत हुआ कोई भी काम हो जाये और स्व. राजा देवव्रत सिंह की मूर्ति को जानबूझकर अनावरण नही किया जा रहा है, किसके इशारे पर रोका जा रहा है हम बर्दाश्त नहीं करेंगे 2 अक्टूबर को राजा आर्यव्रत सिंह के व्दारा राजपरिवार दशहरा उत्सव को लेकर बैठक रखा है। उस दिन भी जिले से लेकर वनाचल से भी लोग मौजूद रहेंगे और उसी दिन बड़ा निर्णय लिया जाएगा, कौन सी बड़ी बात रखेंगे। यह अभी खुलकर नही बताये है, जिला मुख्यालय रियासत के राजा पूर्व सांसद व विधायक स्व. देवव्रत सिंह की मूर्ति स्थापना की गई है, पूर्ववर्ति में कांग्रेस सरकार के राशि से की गई है। लगभग 1 साल से मूर्ति बनी रखी हुई है, लगभग ले आउट पूरा हो गया है, उसके बाद झिल्ली और कपड़े में लपेट कर रख दिया गया है। कुछ दिन पहले कपड़ा भी निकल गया है। बहुत ज्यादा शर्मसार का विषय है, खैरागढ़ जिले के लिए उस विषय को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया था। मूर्ति का अनावरण किया जाए लेकिन लगभग तीन माह हो गया ज्ञापन दिए हुए जिला प्रशासन और नगर पालिका द्वारा स्व राजा देवव्रत सिंह की मूर्ति का अनावरण नही किया जा रहा है। उस विषय को लेकर जिले भर के वरिष्ठ लोगो को और समर्थकों को बुलाकर वरिष्ठ कांग्रेस नेता कन्हैया सिंह बैस की अध्यक्षता में बैठक रखी गई। बैठक में तय किया गया की 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर पूरे जिले भर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा और हस्ताक्षर की कॉपी को लेकर 3 अक्टूबर को जिला कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा को सौपेंगे और अल्टीमेटम देंगे जिला प्रशासन और नगर पालिका को 7 दिन के अंदर मूर्ति का अनावरण किया जाए, अगर अनावरण नही किया जाता तो दशहरा के दिन राजा का दिन होता है, उस दिन लाखो लोग राजा का दर्शन करने आते है। उस दिन राजा आर्यव्रत सिंह, राजकुमारी शताक्षी देवी सिंह सहित जिले भर के समर्थक अनवारण करेंगे। इसी बात को लेकर आज दाऊचौरा में मनराखन देवांगन के निवास में बैठक रखी गई थी।

इस दौरान बैठक में उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेसी कन्हैया सिंह बैस, विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन, नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष रज्जाक खान, जिलापंचायत सभापति विप्लव साहू, अरुण भरतद्वाज, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका परिषद दीपक देवांगन, पार्षद दिलीप लहरे, मिहिर झा, गुलशन तिवारी, पलाश सिंह, कपिलनाथ महोबिया, किशन रजक, प्रकाश मौर्य, अनुराग शांति तुर्रे, विष्णुकांत महोबे, नदीम मेमन, यतेंद्र जीत सिंह, राजा सोलंकी, गोविंद देवांगन, रविंद्र सिंह गहरवार, नरेन्द्र सेन, रतन सिंगी, दयाराम पटेल, सूर्यकांत यादव, अजय यादव, गोपी रजक, हरि दर्शन, विनोद सिंह, अजय देवांगन, मनोज पटेल, भरत चंद्राकर, पुरन सारथी सहित मीडिया के साथी मौजूद थे।

# पार्षद चंपू गुप्ता को हाईकोर्ट से मिली जमानत

राजनांदगांव (दावा)। शहर के वार्ड इंदिरा नगर के पार्षद चंपू गुप्ता को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। बता दें कि उन्हें धारा 420, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया था। चंपू गुप्ता को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस श्री रमेश सिन्हा ने उसे अग्रिम जमानत दे दी है। ज्ञात हो कि डोंगरगढ़ की कांग्रेस नेत्री नलिनी मेश्राम द्वारा उन पर विधान सभा चुनाव के दौरान टिकट दिलाने के लिए दो करोड़ में सौदा करने व एडवांस के रूप में 30 लाख रुपए नगद देने का आरोप लगाते हुए बसंतपुर थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर पुलिस ने उपरोक्त धारा के तहत अपराध दर्ज किया है। इस मामले में विवेचना जारी है। पार्षद गुप्ता की इस दौरान तबीयत खराब हो गई। उन्होंने उक्त अवधि में वकीलों के माध्यम से हाईकोर्ट बिलासपुर में अग्रिम जमानत के लिए अर्जी लगाई थी जिसे कोर्ट द्वारा मंजूर कर लिए जाने उपरांत उसे अग्रिम जमानत दे दी गई है।

# सांसद संतोष पाडेय को श्री दुर्गा पूजा एवं शतचंडी महायज्ञ का निमंत्रण




राजनांदगांव (दावा)। श्री दुर्गा वार्षिक उत्सव समिति, शक्ति धाम, दुर्गा चौक द्वारा इस वर्ष 75वां दुर्गा पूजा महोत्सव एवं शतचंडी महायज्ञ का भव्य आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में आज समिति के पदाधिकारियों ने सांसद संतोष पांडेय को कार्यक्रम का विधिवत निमंत्रण दिया।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष खेमचंद देवांगन, सचिव रितेश देवांगन, कोषाध्यक्ष अजय देवांगन, संजय देवांगन, अंकित देवांगन, सन्मय श्रीवास्तव, संकल्प श्रीवास्तव, कैलाश निर्मलकर, चंद्रप्रकाश यादव सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

समिति ने बताया कि इस वर्ष विशेष आयोजन होने जा रहा है क्योंकि यह दुर्गा पूजा का 75वां वर्ष है। आजादी के समय से ही माता रानी की स्थापना निरंतर की जा रही है, और इस विशेष अवसर को यादगार बनाने के लिए शतचंडी महायज्ञ का आयोजन भी किया जा रहा है। सांसद ने इस निमंत्रण को स्वीकार करते हुए आयोजन को शुभकामनाएं दीं और अपनी उपस्थिति की सहमति दी।

# अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट का घेराव करेंगे चतुर्थ वर्ग कर्मचारी



नियमितिकरण के संबंध में समिति गठित

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ लघु वेतन शास. चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ द्वारा अपनी मांगों को लेकर कलेक्ट्रेट के सामने बैठक आयोजित की गई।

संघ के जिला इकाई के उपाध्यक्ष पूरन लाल साहू कोषाध्यक्ष सुरेंद्र यादव सचिव लक्ष्मी नारायण यादव के नेतृत्व में 25 से 30 कर्मचारियों द्वारा बैठक आयोजित कर नियमितीकरण के संबंध में बाकी जिलों में समिति गठित की गई है। बैठक में राजनांदगांव जिले में समिति गठित नहीं किए जाने के विरोध में आगामी समय में कलेक्टर घेराव के संबंध में रणनीति से संबंधित चर्चा की गई। बताया जाता है कि इन कर्मचारियों कि अभी तक नियमितिकरण नहीं हुआ। इसे लेकर शासन - प्रशासन का ध्यान जब-तब उत्कृष्ट किया जा रहा है लेकिन नियमितिकरण नहीं होने से शासन-प्रशासन से अपनी मांगों के संदर्भ में लड़ाई लड़ने के लिए बांकी जिलों के लिए समिति गठित की गई है।

# पीएम के मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए घम्मन साहू



खैरागढ़ (दावा)। रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम में जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के मंडल पाडादाह के बुथ टेकापार खुर्द में भाजपा जिलाध्यक्ष घम्मन साहू पहुंच कर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात सुना एवं कार्यकर्ताओं को भाजपा के सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक सदस्य जोडने की अपील किया।

इस दौरान भाजपा के जिला मंत्री ज्ञानदास बंजारे, सदस्यता अभियान के जिला सदस्य भुवन वर्मा, भाजपा मंडल पाडादाह के उपाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह राजपूत, ब्रम्हा सिंह, शारस सिंह, शिव सिंह, गैदसिंह, दयालु साहू, सुकलाल साहू, मदन वर्मा, दुखैत राम यादव, सियाराम साहू, आशाराम साहू, कुंजलाल निषाद एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महरुमकला पंचायत में स्वच्छता ही सेवा के तहत लिया संकल्प



सरपंच ने झाड़ू लगाकर दिया स्वच्छता का संदेश

ठेलकाडीह (दावा)। खैरागढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत महरूमकला में रविवार को स्वच्छता ही सेवा के अंर्तगत स्वच्छता अभियान चलाया गया। सरपंच बरखा प्रवीण पारख की अगुवाई में ग्रामीणों एव जनप्रतिनिधियों के सहयोग शासन की स्वच्छता ही सेवा के तहत गांव के चौक चौराहे व गली मोहल्ले में झाड़ू लगाकर साफ-सफाई किया। साथ ही गांव में रैली निकालकर भ्रमण किया गया। इस मौके पर सरपंच बरखा प्रवीण पारख ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि स्वच्छता हर नागरिक की जिम्मेदारी है और इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। हम सबको अपने क्षेत्र में स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है। हम जहां पर निवास करते हैं, उस गांव, घर एवं प्रत्येक गलियों में स्वच्छता का अलख जगाना है।

अपने स्कूल, आंगनबाड़ी, सरकारी भवनों सहित अन्य जगहों की साफ-सफाई कर बीमारियों को दूर भगाना है। इस दौरान कांग्रेस के केसीजी जि़ला महामंत्री प्रवीण पारख, ललित चोपड़ा, सनत वर्मा, भुनेश्वर वर्मा, कमल जघेल, दुकालू पटेल, भूषण वर्मा, कोमल ठेठवार, रेवा साहू, सुहागा कन्नोजे, उतरा वर्मा, केकती यादव, यशोदा वर्मा, ललित वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# नगर निगम में जमकर हुआ हंगामा, कांग्रेस-भाजपा के पार्षदों ने एक-दूसरे पर बरसाए लात-घूंसे

## नगर निगम की सामान्य सभा में चार विषयों पर चर्चा उपरांत लिये गये निर्णय, शेष विषयों पर आज चर्चा, बैठक में स्वच्छता अपनाने ली गयी शपथ





राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम की सामान्य सभा में भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच मारपीट हो गई। पेयजल आपूर्ति और वेतन भुगतान के मुद्दों पर हंगामा हुआ। भाजपा पार्षद गगन आइच के उद्बोधन पर कांग्रेस ने आपत्ति की। बैठक स्थगित हुई और तिरंगा चौक के नामकरण पर फिर से संघर्ष हुआ, जिससे पुलिस को बुलाना पड़ा। नगर पालिक निगम की सामान्य सभा की बैठक आज 30 सितम्बर को पूर्वान्ह 10:30 बजे से नगर निगम के सभागृह में आहुत की गयी, जिसमें 11 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जाना था, बैठक निर्धारित समय में प्रारंभ हुई। बैठक के प्रारंभ में 1 घण्टे का प्रश्नकाल हुआ जिसमें पार्षदों द्वारा दिये गये प्रश्नों का प्रभारी सदस्यों ने उत्तर दिया, जिसके पश्चात विषय पर चर्चा शुरू हुई।

### पार्षदों के बीच हुई मारपीट

सामान्य सभा में पहला विषय पुराने गंज चौक का नाम जैन मुनि आचार्य विद्यासागर चौक व वहां पर अंहिसा प्रवेश द्वार के लिए लाया गया। कुछ समर्थन विरोध व सहमति के बीच पहला विषय लगभग पास हो गया लेकिन दूसरा विषय गंज लाइन में तिरंगा चौक से गंज चौक तक मार्ग का नामकरण महेश पथ किए जाने के संबंध में चर्चा हुई। भाजपा पार्षदों ने इसका समर्थन भी किया और विरोध भी सामने आए। मतदान किया गया। इस पर 20-20 का आंकड़ा दोनों पक्ष का रहा। चूंकि भाजपा वालों द्वारा इस विषय पर पहले सहमति व्यक्त किए जाने पर वरियता चाही गई।

वही तिरंगा चौक के नाम पर शहर में स्थान पा चुके कमल टाकिज तिराहा के संदर्भ शरद सिन्हा द्वारा बात उठाई जाने पर उस क्षेत्र के पार्षद गणेश पवार भड़क उठे और दोनों के बीच झूमा झटकी से लेकर मारपीट तक की नौबत आ गई। सामान्य सभा में इस तरह की स्थिति और भी निर्मित होने पर लगातार तीन बार सदन को स्थगित किया गया। सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन दोनों पक्षों को समझाते हुए नजर आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्षदों को अपने कांग्रेसी महापौर के ऊपर विश्वास नहीं है। इसलिए महापौर के पार्षद साथी सदन का बहिष्कार कर बाहर बैठे रहे। महाकाल चौक के मामले में कांग्रेसी पार्षद कुलबीर छाबड़ा ने भी असहमति जताते हुए सदन का बहिष्कार किया।

11 विषयो पर आयोजित बैठक में सभी विषयों में पार्षदों द्वारा चर्चाकर निर्णय लिया जाना था जिसमें विषय क्रं. 1 पुराना गंज चौक का नाम आचार्य श्री विद्यासागर चौक एवं गंज चौक में अहिंसा प्रवेश द्वार निर्माण में चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पास किया गया। इसी प्रकार विषय क्रं. 2 राजनांदगांव शहर स्थित तिरंगा चौक से गंज चौक तक मार्ग का नामकरण महेश पथ किये जाने विषय पर चर्चा उपरांत बहुमत से पारित किया गया एवं जी.ई.रोड ट्रांसपोर्ट नगर व बाईपास के लिये मुडने वाले रोड के चौक का नाम महाराजा रंजीतसिंह के नाम से किये जाने तथा मानव मंदिर चौक का नाम महाकाल चौक के नाम पर किये जाने विषय पर गहन चर्चा उपरांत सर्व सम्मति से पारित किया गया। सभी विषयों में सदस्यों के चर्चा उपरांत महापौर श्रीमती हेमा सुदेश देशमुख ने सदस्यों के प्रश्नों का उत्तर दिया, उसके पश्चात निर्णय लिया गया।

सामान्य सभा में प्रश्नकाल में महापौर अपनों से ही घिरती नजर आई। नेता प्रतिपक्ष किसुन यदु ने महापौर के कार्यकाल में अभी तक कितने व्यावसायिक काम्पलेक्स बने पौनी-पसारी के कितने काम हुए प्रश्न पर महापौर इस पर जवाब देंगे कहकर टालती नजर आई। अधिकारी भी इसका समुचित ब्यौरा नहीं प्रस्तुत किए जाने पर हो-हल्ला का माहौल निमित हुआ, इससे विपक्षी दल क्षुब्ध नजर आए। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा महापौर को कहते नजर आए कि यदि नेता प्रतिपक्ष सवाल पूछ रहे तो सत्ता पक्ष को जवाब देना चाहिए। बता दे कि वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षद श्री छाबड़ा निगम में टैक्स वसूली ठेका में दिए जाने का जमकर विरोध किया था। इसे वे हाईकोर्ट तक ले गए थे। जहां से उस पर रोक लगी। इस विषय को एमआईसी ने लाया गया था। मुहर भी लगी थी लेकिन महापौर के कार्यकाल की आखिरी सामान्य सभा में इस विषय का जिक्र ही नहीं था। इससे भी छाबड़ा क्षुब्ध नजर आए। इस संबंध में उनसे पूछे जाने पर कहा कि मनमानी किया जा रहा है।

### पार्षद ऋषि शास्त्री का धरना



आश्चर्य की बात यह कि पांच साल के लगभग निगम की सत्ता में रहे कांग्रेसी इन दिनों शहर की विभिन्न समस्याओं के लिए आंदोलनरत है। गत दिनों मोहारा में पानी की किल्लत को लेकर महापौर समेत कांग्रेसी पार्षद ने मोर्चा खोला था। सोमवार को सामान्य सभा के दिन राजीव नगर के पार्षद ऋषि शास्त्री ने निगम सभागार के सामने धरने पर बैठ गए। हालांकि उसको कांग्रेस-भाजपा दोनों दल के लोगों का समर्थन रहा और धरना समाप्त करने के प्रयास भी किए लेकिन निगम अधिकारियों के विरोध में ऋषि धरना प्रदर्शन करते हुए डटे रहे। पार्षद कहना है कि उनके वार्ड का लगभग 90 प्रतिशत काम हो चुका है 10 प्रतिशत काम बचा है। निगम आयुक्त व अधिकारी बारिश की आड़ लेकर उक्त काम को अटकाए हुए है। उनके उल्लेख कार्यों में वार्ड के मुख्यमार्ग का चौड़ीकरण।

वंचित मकान के हितग्रहियों का सर्वे कर पट्टा प्रदान करने तथा जिला चिकित्सालय में जल भराव की समस्या का निदान प्रमुख रहा। धरना में बैठे पार्षद को स्वयं आयुक्त यह कह कर मनाने आए कि जल्दी ही आपकी समस्याओं का निराकरण कर दिया जाएगा लेकिन पार्षद टस से मस नहीं हुए और अंतिम तक अड़े रहे। यहां तक कि मतदान में भी भाग नहीं लिया।

कुछ मामलों में सत्ता पक्ष व विपक्ष के पार्षद आमने सामने रहे। भाजपा की ओर से पारस वर्मा, विजय राज, मणिभास्कर गुप्ता, शरद सिन्हा ज्यादातर आवाज बुलंद करते रहे, वही सदर बाजार की पार्षद मधु बैद सड़क की जर्जर स्थिति को लेकर महापौर को घेरती रही। इधर विजय राय व कांग्रेस पार्षद संतोष पिल्ले भी पार्षदों की मानदेय को लेकर उलझते रहे। बीच-बीच में कांग्रेस पार्षद राजा तिवारी भी मुखर रहे। इससे सभा के हो-हल्ला की स्थिति बनी रही। पूर्व नेता प्रतिपक्ष शिव वर्मा ज्यादातर अपने पार्षदों को समझाते देखे गए। देर रात 9 बजे के पश्चात आज की बैठक स्थगित कर कल 1 अक्टूबर 2024 को पुनः 10:30 बजे से बैठक आहुत की जायेगी। बैठक में शेष 7 विषयो पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जावेगा। आज की बैठक में निगम अध्यक्ष श्री हरिनारायण पप्पू धकेता ने उपस्थित सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों, गणमान्य नागरिकों व पत्रकार बंधुओं को स्वच्छता पखवाडा के तहत स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता के प्रसंग पर स्वच्छता अपनाने तथा स्वच्छता के लिये जागरूकता लाने शपथ दिलायी।

# तुलसीपुर के बहादुर की हत्या मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से स्प्रींगदार धारदार चाकू, दो मोटर सायकल व दो मोबाईल जप्त



राजनांदगांव (दावा)। रविवार को तुलसीपुर क्षेत्र में हुई एक युवक की हत्या के दो फरार आरोपियो को पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया है। बता दें कि कोतवाली थाना के अंतर्गत आने वाले चौकी चिखली क्षेत्र में दोपहर के समय घटी उक्त घटना के संबंध में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को धर दबोचा था। घटना में शामिल पांच आरोपियों में से दो आरोपियों को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बहरहाल पुलिस के हत्थे चढ़े चारों आरोपियों को आदतन अपराधी बताया जाता है। जिनके खिलाफ पूर्व में हत्या के प्रयास, मारपीट, आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज है। इन आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते बहादुर की चाकू घोंपकर हत्या को अंजाम दिया था।

आरोपियों के पकड़े जाने उपरांत सोमवार को ली गई प्रेस वार्ता में बताया गया कि रविवार 29 सितंबर को लगभग दो से ढाई बजे के बीच मोबाईल से जरिए पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि अमित बरई के पान ठेला के सामने रेल्वे फाटक तुलसीपुर के पास दोपहर करीब डेढ़ बजे एक व्यक्ति को 04 लोगों के द्वारा धारदार वस्तु से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिये है। जिसे घायलावस्था में उपचार हेतु जिला शासकीय अस्पताल बसंतपुर ले जाया गया लेकिन डॉक्टर द्वारा चेकअप किए जाने पर उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा अस्पताल पहुंचकर पता करने पर मृतक का नाम ईश्वर उर्फ बहादूर बंसोड़ पिता स्व. गुहा राम बंसोड़ उम्र 40 वर्ष निवासी बख्तावर चाल गली नं. 01 तुलसीपुर है। उक्त युवक की हत्या करने के संबंध में पूरी जानकारी प्रार्थी सुजीत बसोड़ पिता स्व. गुहाराम बसोड़ उम्र 35 वर्ष निवासी तुलसीपुर बख्तावर से पता चली। इस पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 628/24 धारा 296, 103 (1), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता कायम कर विवेचना में लिया गया।

कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि गठित टीम द्वारा मुखबीर की सूचना एवं घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर चार आरोपी जिसमें हर्षित सिंह उर्फ हर्षु सरदार पिता सुखविंदर सिंह सरदार उम्र 24 वर्ष निवासी संगम चौक तुलसीपुर, पलाश मेश्राम पिता प्रकाश मेश्राम उम्र 21 वर्ष निवासी ममता नगर व करण टाकरी पिता शंकर टाकरी उम्र 22 वर्ष निवासी सोनार चाल मोतीपुर एवं अरमान खान उर्फ अफसार सिद्दकी पिता रमजान सिद्दकी उम्र 19 वर्ष निवासी अण्डर ब्रिज के पास ममता नगर को घटना में शामिल होने का पता चलने पर उन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक लोहे का धारदार स्प्रींगदार चाकू, एक मोटर सायकल क्रमांक आर. वन-5 सीजी-04/एमडी-4527 व दूसरा एफ.जेड यामहा मोटर सायकल क्रमांक सीजी-08/ए.यू.-6619 तथा 2 नग मोबाईल जप्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से सोमवार 30 सितंबर को उन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया, जहां से जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है।

प्रेस वार्ता में बताया गया कि चारों आरोपियान आदतन अपराधी है, इनके विरूद्ध पूर्व में विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर चालान किया गया है तथा प्रतिबंधक धाराओं के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। हत्या के आरोपियों को पकड़ने के लिए कोतवाली पुलिस एवं साइबर सेल की संयुक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी एमन साहू सहित उप निरीक्षक नरेश बंजारे, राधेश्याम जूरी, संजय बरेठ, बिरेन्द्र सिंह क्षत्रीय, प्रधान आरक्षक जी. सिरील कुमार, आरक्षक भुनेश्वर जायसी, रंजित चैरसिया, रूपेन्द्र वर्मा, प्रख्यात जैन, कुश बघेल, प्रदीप जायसवाल तथा निरीक्षक विनय पम्मार प्रभारी सायबर सेल व सउनि. सुमन कर्ष, आरक्षक अविनाश झा, मनोज खुंटे, योगेश राठौर, अमित सोनी एवं अनित शुक्ला थाना स्टाफ की भूमिका सराहनीय रही।

# अग्रसेन जयंती महोत्सवः आज फ़ैशन शो



राजनांदगांव (दावा)। श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत अग्रवाल समाज द्वारा प्रतिदिन विविध प्रतियोगिताओं एवं मनोरंजक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। समाज के बच्चों, युवक, युवतियों, पुरुषों तथा महिलाओं की सहभागिता कार्यक्रमों में निरंतर बढ़ रही है। अग्रजनों द्वारा मिल रहे अच्छे प्रतिसाद से आयोजन प्रभारी भी उत्साहित होकर कार्यक्रमों को और अधिक रुचिकर एवं बेहतर बनाने में जुटे हुए हैं।

### रोजाना हो रहे हैं विविध कार्यक्रम

यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी संजय अग्रवाल ने बताया कि इसी कड़ी में 01 अक्टूबर, मंगलवार को महिला मंडल द्वारा युवतियों एवं महिलाओं के लिए वेस्ट मटेरियल के परिधान से फैशन शो का यूनिक आयोजन किया जाएगा। साथ ही बच्चों का फैंसी ड्रेस, प्रांतीय वेशभूषा- युवतियों के लिए तारक मेहता का उल्टा चश्मा किरदार प्ले करना एवं आकस्मिक प्रतियोगिता रखी गई है।

नवयुवक मंडल द्वारा स्लो स्कूटी, लेडीज-स्लो साइकिल, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, नींबू दौड़ सभी में किड्स जूनियर सीनियर प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। अग्रवाल सभा अध्यक्ष शरद अग्रवाल, सचिव आलोक बिंदल, कोषाध्यक्ष अशोक अग्रवाल, लोकेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती मंजू खोखरिया, सचिव श्रीमती रिना अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा अग्रवाल एवं नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हर्ष लोहिया, सचिव चैतन्य अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सूरज अग्रवाल ने सभी अग्र परिवारों से कार्यक्रमों में सहभागिता की अपील की है।


**Udayachal Health & Research Institute**
(Run By Udayachal)
UDAYACHAL HEALTH
since - 1968
We Are HIRING join our Team
10 Post Nursing (Pref. B.Sc. Nursing) Salary Min. 10,000 P/M
2 Post Project Incharge (Pref. MBA) Salary Min. 15,000 P/M
8 Post Computer Operator (Pref. Tally, Exel, Corel Draw) Salary Min. 8,000 P/M
Submit your resume @ Room no. 9, New Building, Udayachal Eye Hospital.
SUBMIT YOUR RESUME >>
Last day of submission: 2 October 2024
udayachalrjn@gmail.com
Udayachal Road, Ganj Line, Rajnandgaon


# बलौदाबाजार हिंसा : 3 अक्टूबर तक बढ़ी देवेंद्र यादव की रिमांड

रायपुर। बलौदाबाजार हिंसा के मामले में पिछले एक महीने से जेल में बंद भिलाई विधायक देवेंद्र यादव। विधायक की जमानत याचिका पर सुनवाई फिलहाल टल गई है। इसकी सुनवाई अब 4 अक्टूबर को की जाएगी। पुलिस के विधायक को एक दस साल पुराने केस में कोर्ट में पेशी कराने के लिए लाई थी, इसके बाद उन्हें वापस सेंट्रल जेल ले जाया गया। बता दें कि वर्ष 2013 में रायपुर में प्रदर्शन कर चक्काजाम किया था। इसी मामले में विधायक यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई थी। इसकी अगली सुनवाई 4 अक्टूबर को होगी। मालूम हो कि प्रदेश के सबसे चर्चित घोटाला कोयला घोटाला मामले में यादव की 24 सितंबर को कोर्ट में पेशी है। यादव की ओर से ईडी कोर्ट में पेशी और जमानत याचिका पर सुनवाई की जाएगी।

### 30 सितंबर तक बढ़ाई थी विधायक की रिमांड

मालूम हो कि 17 सितंबर को बलौदाबाजार कोर्ट में हिंसा मामले की सुनवाई की गई थी। इस पेशी में विधायक देवेंद्र कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश किए गए थे। देवेंद्र न्यायिक रिमांड बढ़ाने की मांग पुलिस ने की थी। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनकर विधायक की रिमांड 30 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी है। वहीं कोर्ट में लगाई गई जमानत याचिका को कोर्ट ने खारिज कर दिया। बता दें कि विधायक देवेंद्र यादव की 17 अगस्त को गिरफ्तारी हुई थी। तभी से वे पुलिस रिमांड पर हैं।


**निःशुल्क भर्ती**
अतिशीघ्र आवश्यकता है सुरक्षा गार्ड 20 पद।
होटल, कालोनी, फैक्ट्री, गोडाउन, स्कूल के लिए।
आधार कार्ड, अंकसूची, फोटो लेकर संपर्क करें।
9691400690
7000060977



**दैनिक दावा**
**मासिक बिल**
माह- सितम्बर 2024

| प्रति दिन | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 28 दिन | 4 रू. प्रति | 112/- |
| 2 दिन | अवकाश | |
| | योग | 112 रू. |

व्यवस्थापक


# पद्मश्री फूलबासन यादव के मार्गदर्शन में रोप गए 22 पौधे



### पौधे को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया महिलाओं ने

डोंगरगढ़(दावा)। सोमवार 30 सितम्बर को ग्राम पीपरखार में आस- पास की महिला समूह का कार्यक्रम आयोजित कर 22 पौधे जिन्दगी के नाम अभियान के लिए महिलाओं ने 22 पौधे लगाने एवं वृक्षारोपण के प्रति आम जनों को प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पद्मश्री फूलबासन यादव, हरियाली बहिनी अभियान प्रमुख शिवकुमार देवांगन, ग्राम- पंचायत सरपंच निर्मला ठाकरे, हरियाली बहिनी कांता वर्मा,पार्वती नेताम, सोमबती वर्मा सहित बड़ी संख्या में महिलाए उपस्थित रही।

शिवकुमार देवांगन बताया कि, 22 पेड़ जिंदगी के नाम के अंतर्गत केशर आम का चयन इसलिए किया गया है क्योंकि इसकी कीमत अन्य आम से अधिक होती है ज्यादा दिन तक टिकाऊ एवं स्वादिष्ट होने के कारण बाजार एवं आयात- निर्यात में हमेशा माँग बनी रहती है। जिसको देखते हुए महिलाएँ अधिक से अधिक पेड़ लगाए ताकि बुढ़ापा का सहारा बन सके।

उन्होने आगे बताया कि, हमारा टीम महिलाओं को अन्य व्यवसायों में जोड़ी गई है उसमें प्रतिस्पर्धा बनी रहती है, लेकिन केशर आम में ऐसा नहीं है। एक व्यक्ति कम से कम 10 पौधे लगाते है उसमें से सात पेड़ बना पाते है तो चार वर्षो के बाद एक पेड़ से 5000 मिलता है तो कुल 35000 रूपये आय प्रतिवर्ष मिलेगीं। हरियाली बहिनी 4 वर्षो में बीस हजार पेड़ बनाने की मुहिम चला रही है। ताकि 4 वर्षो के बाद 10 करोड़ आमदानी महिलाओं को हो सकें।

### संरक्षित किए गए 22 पेड़ प्रत्येक महिलाओं की जिंदगी में आर्थिक बदलाव लाएंगी - फुलबासन बाई

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पद्मश्री फूलबासन यादव ने कहा कि, 22 पेड़ जिन्दगी के नाम अर्थात अपने जीवन काल में 22 पेड़ की जरूरत होती है, महिलाएं अपने खेत-बाड़ी में 22 पेड़ आम लगा ले उनकी एवं उनके परिवार की जिंदगी 4 वर्षो में हरियाली अर्थात आर्थिक उन्नति हो जायेगी। महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि, अधिक से अधिक पेड़ लगाकर उसे बचाने का दृढ़ संकल्प ले।

# पूर्व सांसद मधु की उपस्थिति में चिखली के 50 से अधिक वार्डवासियों ने भाजपा की सदस्यता ली

राजनांदगांव (दावा)। अंत्योदय के पैरोकार रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजपा सदस्यता अभियान के एक कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं पूर्व महापौर मधुसूदन यादव वर्तमान महापौर के वार्ड चिखली में उपस्थित रहे।



इस आयोजन में भाजपा के स्थानीय पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण द्वारा आयोजित मोर बूथ, मोर अभिमान कार्यक्रम में सर्वश्री विजय शर्मा, लोकेश जैन, प्रेम रजक, अनिल सिन्हा, गुंजन शर्मा, संजय साहू, नीरज तिवारी, झूमर जैन, महेश सिन्हा, बंटी रजक, प्रशांत रजक, मुकेश शर्मा, रमन यादव, नम्मू शर्मा, सागर रजक, गुहा यादव, तेजराम साहू, चंडी गुप्ता, श्रुति जैन, सुनीता जैन, सपना जैन, चंद्रिका साहू, योगिता कुर्रे, चंद्रिका किशोर साहू, सीता सोनी, नेहा जैन, नगीना साहू सहित अन्य वार्डवासीगण मौजूद रहे। वार्डवासियों द्वारा पूर्व सांसद का तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया, जिसके बाद आयोजन में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन चरित्र एवं आदर्शों को स्मरण करते हुए भाजपा सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया। आयोजन में पंडित उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के पश्चात पूर्व सांसद मधुसूदन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजनीति में भी संस्कृति के संवाहक बनकर रहे, उन्होंने अपना जीवन एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय की अवधारणा को साकार करने के लिए समर्पित किया। उन्होंने राजनीति में अपने धर्म एवं संस्कृति को कभी नहीं छोड़ा एवं राष्ट्रवाद को सर्वोपरि माना।

पंडित उपाध्याय के मार्ग पर चलते हुए भाजपा समाज के अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के उद्भव एवं विकास के लिए कृत संकल्पित है। पूर्व सांसद की मौजूदगी में 50 से अधिक वार्डवासियों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भाजपा के सदस्य बन गए हैं, जिसके 18 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। उन्होंने वार्डवासियों से आव्हान किया कि हम सब मिलकर भारत देश एवं भाजपा संगठन को सशक्त एवं उन्नतिशील बनाने में अपना अहम योगदान करेंगे।